लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीट पर मतदान होगा।

इस चरण में बिहार की पटना साहिब सीट पर सर्वाधिक 22,92,045 मतदाता हैं। वहीं, चंडीगढ़ में 6,59,805 मतदाता हैं जो आखिरी चरण में किसी भी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में न्यूनतम है। सातवें चरण में उत्तर प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड और चंडीगढ़ में मतदान होगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 जनसत्ता, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# 'विभिन्न वर्गों के मतदाताओं के बीच अपार उत्साह दिखा'

निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर और विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों के सदस्यों जैसे विभिन्न वर्गों के मतदाताओं के बीच अपार उत्साह देखा गया है। आयोग ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और 40 फीसद तक विकलांगता वाले दिव्यांगों के लिए इस संसदीय चुनावों में पहली बार अखिल भारतीय स्तर पर घरों में मतदान की सुविधा का विस्तार किया गया।

देश

निर्वाचन आयोग की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर नए मानक स्थापित करते हुए चुनावी प्रक्रियाओं में निरंतर सुधार के लिए प्रयास करना आयोग का गहरा संकल्प रहा है।' कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग देश की गौरवशाली बहुलता और विविधता की भावना को सही मायने में प्रतिबिंबित करने के लिए प्रतिबद्ध है। *(ए)*

# आयोग ने करोड़ों की अवैध शराब, नकदी, ड्रग्स पकड़ी

## सख्ती

लखनऊ, विशेष संवाददाता। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा मंगलवार को 81.37 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग्स व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 21.92 लाख रुपये कीमत की 8424.73 लीटर शराब, 48.20 लाख रुपये कीमत की 38297 ग्राम ड्रग्स एवं 11.24 लाख रुपये कीमत के 362198 मुफ्त उपहार की सामग्री जब्त की गयी।

28 मई को प्रमुख जब्ती में जनपद बरेली के मीरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 14.60 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 146 ग्राम ड्रग, जनपद श्रावस्ती के भिनगा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 30.75 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 10250 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी। 1 मार्च से 28 मई तक कुल 50555.29 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त की गई।

## प्रचार सामग्री हटाई

लखनऊ। आदर्श चुनाव आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,85,44,766 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 1,14,46,998 तथा निजी स्थानों से 70,97,768 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।

समाचार पत्र का नाम दै0 राष्ट्रीय सहारा, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# 351 प्रत्याशियों में से सबसे बड़े कर्जदार भाजपा के करण भूषण सिंह

लखनऊ (एसएनबी)। यूपी लोस चुनाव में खड़े प्रत्याशियों में से 351 के ऊपर भारी कर्ज है। इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सभी प्रत्याशियों में सबसे बड़े कर्जदार कैसरगंज के भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह हैं। दूसरे नम्बर पर कर्जदार कानपुर से कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्र हैं। शीर्ष 21 कर्जदार प्रत्याशियों में से पार्टी के अनुसार सबसे ज्यादा 9 भाजपा, सपा के 5, कांग्रेस के 2 और बसपा के 3 प्रत्याशियों पर कर्ज है। एडीआर से मिली जानकारी के अनुसार 2019 के लोस चुनाव में 377 प्रत्याशियों पर 388 करोड़ रुपये का कर्ज था। लेकिन इस बार चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे प्रत्याशियों में बड़ी संख्या में ऐसे है, जिनके ऊपर काफी कर्ज है। इन देनदारियों में गैर विवादित और विवादित दोनों ही देनदारियां शामिल हैं।

**दूसरे नम्बर पर कानपुर के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्र**

प्रत्येक चरण में सबसे ज्यादा देनदारी वाले शीर्ष तीन प्रत्याशियों की एडीआर द्वारा रिपोर्ट जारी की गई। इसके अनुसार पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार देनदारी की सूची में 26 प्रत्याशी कम हैं। यानी 2019 के लोकसभा चुनाव में देनदारों की लम्बी सूची थी, जो इस बार घट गई है। किसी भी तरह की वित्तीय अनियमितता से बचने वाले प्रत्याशियों की संख्या में भी इस बार कमी आई है। विवादित देनदारी के मामले 10 से ज्यादा नहीं हैं। साफ है कि डिफॉल्टर पर आरबीआई की सख्ती का साफ असर दिखा है। इस बार के चुनाव में शीर्ष 21 देनदारी वाले प्रत्याशियों में से भाजपा के नौ उम्मीदवारों पर 69.99 करोड़ रुपये बकाया है। सपा के पांच प्रत्याशियों पर 36.35 करोड़, बसपा के तीन प्रत्याशियों पर 16.72 करोड़, कांग्रेस के दो प्रत्याशियों पर 17.52 करोड़, आईएनडी पर 6.10 करोड़ और फॉरवर्ड ब्लॉक पर 4.61 करोड़ रुपये का कर्ज है।

सबसे ज्यादा देनदारी वाले भाजपा प्रत्याशियों में करण भूषण सिंह, कैसरगंज पर 22.93 करोड़, हेमा मालिनी मथुरा पर 7 करोड़, सतीश गौतम अलीगढ़ पर 4 करोड़, धर्मेंद्र कश्यप आंवला पर 2.66 करोड़, जयप्रकाश हरदोई पर 5.25 करोड़, विनोद सोनकर कौशांबी पर 9.89 करोड़, साकेत मिश्रा श्रावस्ती पर 8.47 करोड़, रीतेश पांडेय अंबडेकरनगर पर 5.97 करोड़, पंकज चौधरी महाराजगंज पर 3.82 करोड़ रुपये का कर्ज है। वहीं सबसे ज्यादा देनदारी वाले सपा प्रत्याशियों में अक्षय यादव, फिरोजाबाद पर 11.65 करोड़, आदित्य यादव, बदायूं पर 2.37 करोड़, अन्नू टंडनउन्नाव पर 12.44 करोड़, राजीव राय घोसी पर 6.26 करोड़, रमेश चंद बिंद मिर्जापुर पर 3.63 करोड़ और सर्वाधिक देनदारी वाले बसपा प्रत्याशियों में दारा सिंह प्रजापति, मुजफ्फरनगर पर 8 करोड़, माजिद अली, सहारनपुर पर 6.10 करोड़, देवव्रत त्यागी मेरठ पर 2.62 करोड़ तथा सर्वाधिक देनदारी वाले कांग्रेस प्रत्याशियों में आलोक मिश्र , कानपुर पर 12.83 करोड़, किशोरी लाल अमेठी पर 4.69 करोड़ रुपये का कर्ज है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# चार जून को भी बंद रहेंगी शराब की सभी दुकानें

जासं • लखनऊ : मतदान की तरह ही मतगणना के दिन भी जिले में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। चार जून को लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा सीटों के लिए मतगणना होनी है। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने चार जून को शराब और बीयर की सभी दुकानें बंद रखने का आदेश जारी किया है। नियमानुसार जिस जिले में मतदान और मतगणना हो रही हो वहां से आठ किलोमीटर तक के दायरे में कोई दुकान खुलनी नहीं चाहिए।

जिला आबकारी अधिकारी के मुताबिक बंदी के दौरान अगर कोई भी लाइसेंस धारक शराब या बीयर की बिक्री करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। वहीं, मतगणना को देखते हुए आबकारी विभाग की टीमों ने कई जगहों पर छापा मारा। आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शराब की अवैध बिक्री रोकने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। सीमावर्ती इलाकों में भी आबकारी निरीक्षक संदिग्ध वाहनों की तलाशी कर रहे हैं। इसके अलावा जो लोग पहले शराब तस्करी के मामलों में शामिल रहे हैं उन पर भी निगाह रखी जा रही है।

नगर की अन्य खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

## मतगणना स्थल पर मोबाइल नहीं रख सकेंगे

लखनऊ। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सूर्यपाल गंगवार ने बुधवार को केकेसी डिग्री कॉलेज में काउंटिंग ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा, मतगणना के दौरान कोई कर्मचारी मोबाइल फोन नहीं लेकर आएगा। बताया कि सभी कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण पूरा हो गया है। काउंटिंग पार्टियों का द्वितीय प्रशिक्षण तीन जून को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में दोपहर एक बजे से होगा। चार को सुबह पांच बजे से मतगणना कार्मिकों को उनकी टेबल संख्या से संबंधित जानकारी एसएमएस से दी जाएगी। कर्मचारियों को सुबह छह बजे तक रमाबाई स्थल पहुंचकर 7:30 बजे तक अपनी टेबल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए। (माई सिटी रिपोर्टर)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# हर विधानसभा की पांच ईवीएम पर्चियों की होगी गिनती, दिया जा रहा प्रशिक्षण

- सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना, सबसे पहले पोस्टल बैलट
- कोई भी कर्मचारी साथ नहीं ले जाएगा मोबाइल और इलेक्ट्रानिक डिवाइस

जासं• लखनऊ : मतदान के बाद अब मतगणना की तैयारी। मतगणना निष्पक्ष रहे इसके लिए चार जून को प्रत्येक विधानसभा की पांच ईवीएम के साथ लगी वीवीपैट की पर्चियां भी गिनी जाएंगी। ऐसा इसलिए किया जाएगा ताकि मतगणना में किसी तरह की गड़बड़ी की आशंका नहीं रहे। रमाबाई रैली स्थल पर होने वाली मतगणना के लिए एक हजार कार्मिकों की डयूटी लगाई जाएगी, जिनको बुधवार को प्रशिक्षण दिया गया। अब तीन जून को इनका दूसरा प्रशिक्षण दिया जाएगा।



मतगणना के लिए कार्मिकों को प्रशिक्षण देते डीएम सूर्यपाल गंगवार • सौजन्य : प्रशासन

लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा चुनाव की मतगणना एक साथ होगी। लखनऊ में कुल 11,35,624 और मोहनलालगंज में कुल 13,75,372 वोटरों ने मतदान किया था। दोनों ही लोकसभा के मतों की गिनती के लिए एक हजार से अधिक कार्मिकों को तैयार किया जा रहा है। खुद डीएम सूर्यपाल गंगवार ने मतगणना में भाग लेने वाले कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया। जिन कार्मिकों की डयूटी लगी है उनको दो दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीएम ने कहा, प्रत्येक विधानसभा में एक एआरओ टेबल और 14 मतगणना की टेबल होगी। मतगणना चक्रवार होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की काउंटिंग की जाएगी। लखनऊ में लखनऊ पश्चिम विधानसभा में 414 बूथों पर तीस चक्रों तक मतगणना होगी। उत्तर विस में 395 बूथों पर 29 चक्रों में, लखनऊ मध्य में 339 बूथों पर 25 चक्रों तक, कैंट में 330 बूथों के वोटों की गणना 24 चक्रों तक और लखनऊ पूर्व के 417 बूथों पर पड़े मतों की गिनती 30 चक्रों में पूरी होगी। मोहनलालगंज लोकसभा में मलिहाबाद विधानसभा में 405 बूथ हैं। यहां पर 29 चक्र तक मतगणना होगी।

इसी तरह बीकेटी विधानसभा में 487 बूथ हैं, जहां पर 35 चक्रों तक काउंटिंग होगी। सरोजनीनगर में सबसे अधिक 582 बूथ और यहां पर 42 चक्रों तक मतगणना होगी। इसी तरह मोहनलालगंज में 399 बूथों पर 29 चक्र तक मतगणना होगी। इसी तरह लखनऊ पूर्व विस उपचुनाव में कुल 417 बूथों पर तीस चक्रों में मतगणना होगी।

## मुख्य बातें :

- चार जून की सुबह छह बजे सभी मतगणना पार्टियों को रमाबाई स्थल पहुंचना अनिवार्य
- कोई भी मतगणना कर्मी अपने साथ मोबाइल या किसी तरह की कोई इलेक्ट्रानिक डिवाइस अपने साथ अंदर नहीं ले जा सकेगा।
- प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित रहेगा, जो गणना की समस्त गतिविधियों का पर्यवेक्षण करेगा।
- मतगणना के समय मशीन प्राप्त होने पर यह सुनिश्चित करना होगा की चक्र के अनुसार ही निर्धारित मशीन प्राप्त हुई है अथवा नहीं।
- कंट्रोल यूनिट के कुल वोट एवं उम्मीदवारों को प्राप्त मतों को मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा तेज स्वर में पढ़ी जाएगी ताकि उसे मतगणना सहायक एवं एजेंट आसानी से सुन सकें।
- डिस्प्ले यूनिट का प्रदर्शन इस तरह से किया जाएगा ताकि मतगणना एजेंट तथा माइक्रो आब्जर्वर भी आसानी से देख सकें।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० राष्ट्रीय सहारा, लखनऊ दिनांक

# मतगणना कार्मिकों को अंतिम समय में मिलेगी टेबल की सूचना

**मतगणना वाले दिन सुबह पांच बजे मोबाइल पर भेजा जाएगा एसएमएस**

**कार्मिकों का पहला परीक्षण सम्पन्न, दूसरा तीन जून को**

**कक्ष में मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर रोक**

**लखनऊ (एसएनबी)**। राजधानी में चार जून को दो लोक सभा और एक विधान सभा उपचुनाव के लिए कराये गये मतदान की मतगणना करायी जायेगी। इसे देखते हुए केकेसी में बुधवार को मतगणना के लिए तैनात किए गए कर्मचारियों का प्रशिक्षण हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि किस कर्मचारी को कौन सी टेबल पर तैनात किया गया है, इसकी जानकारी उनको एसएमएस से मिलेगी। यह एसएमएस चार जून, यानी मतगणना वाले दिन सुबह पांच बजे उनके मोबाइल पर भेजा जाएगा।

उन्होंने बताया कि काउंटिंग पार्टियों यानी मतगणना कार्मिकों का दूसरा प्रशिक्षण तीन जून को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में होगा। सभी कर्मचारियों को सुबह छह बजे रमाबाई आम्बेडकर रैली स्थल पहुंच जाना होगा। इसके बाद 7:30 बजे तक टेबल पर अपना स्थान ग्रहण करेंगे। रमाबाई रैली स्थल पर मतगणना केन्द्र के दो गेट रहेंगे। एक लखनऊ और दूसरा मोहनलालगंज का होगा। जिस कर्मचारी की जहां ड्यूटी है वह उसी लोकसभा क्षेत्र के गेट से प्रवेश करेगा। डीएम ने हिदायत दी कि कोई मतगणना कर्मचारी मोबाइल या कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अपने साथ भीतर लेकर नहीं जाएगा।

मतगणना के दौरान प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की जाएगी। उनका कार्य मतगणना प्रक्रिया पर नजर रखना होगा। ईवीएम जब स्ट्रॉन्ग रूम से निकाल कर लाई जाती है तो कैरिंग केस पर संबंधित बूथ का पता होता है। मतगणना कर्मचारी को उस पते का मिलान प्रारूप 17 सी में दर्ज बूथ से करना होता है। साथ ही प्रत्याशियों के मतगणना एजेंट को बताना होता है मशीन किस बूथ की है। इसके बाद कंट्रोल यूनिट निकालकर उसे एजेंटों को प्रदर्शित करना होता है, ताकि वे संतुष्ट हो जाएं कि मशीन का क्रमांक और टैग संबंधित बूथ का ही है। यह भी कि कंट्रोल यूनिट का पिंक पेपर सील और स्ट्रिप सील, ग्रीन पेपर सील सुरक्षित है या नहीं।

स्ट्रिप सील को सावधानी से काटना होता है, ताकि सील का क्रमांक सुरक्षित रहे। कोई कमी होने पर रिटर्निंग अफसर को देनी होती है सूचना रिजल्ट सेक्शन की एड्रेस टैग सील को खोलकर उसके कवर को ऊपर की ओर उठाकर खोलना होता है। साथ ही क्लोज बटन के साथ लगे स्पेशल टैग से बूथ का मिलान और सील की जांच करनी होती है। इस दौरान कोई कमी मिलने पर तुरंत आरओ को सूचना देनी होती है। इन सब प्रक्रिया के बाद मशीन का स्विच ऑन किया जाता है। ग्रीन पेपर सील और स्पेशल टैग को बिना निकाले रिजल्ट बटन को दबाना होता है। इस प्रकार मतगणना की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखने का प्रयास प्रशासन की तरफ से किया जायेगा। अब तीन जून को ईटीपीबीएस मतपत्रों को स्कैनिंग करने की प्रक्रिया ड्राय रन कराया जायेगा।

# मतगणना पार्टियों का दूसरा प्रशिक्षण 3 को

■ **एनबीटी सं, लखनऊः** मतगणना पार्टियों को बुधवार को प्रशिक्षण दिया गया। दूसरा प्रशिक्षण 3 जून को होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बुधवार को केकेसी में आयोजित पहले प्रशिक्षण के दौरान निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन भी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 4 जून को सभी कर्मचारियों को सुबह 6 बजे रमाबाई स्थल पहुंचकर 7:30 बजे तक अपनी टेबल पर मौजूद रहने को कहा गया है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै0 आज, लखनऊ ........ दिनांक ........ 30 MAY 2024

## सातवाँ चरणः आज थम जायेगा चुनाव प्रचार

लखनऊ। सातवें चरण में13 लोकसभा सीटों के लिये चुनाव हो रहा है। चुनाव निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किये गए हैं। 13 सीटों के लिये144 उम्मीदवार मैदान में हैं। सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सातवें चरण के अंतर्गत प्रदेश की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 403-दुद्धी (सु.) विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 01 जून को मतदान होगा। सातवें चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरूष तथा 10 महिला प्रत्याशी हैं। सोनभद्र की 403-दुद्धी (सु.) विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 06 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-126 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात कल 30 मई को सायं 06 बजे से सातवें चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा दुद्धी (सु.) विधानसभा उप निर्वाचन के लिए भी चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० आज, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# लोकसभा चुनावः ट्रेनिंग के साथ मतगणना कर्मियों की तैनाती

## कर्मियों को मोबाइल सहित इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने पर प्रतिबंध

लखनऊ। राजधानीं के केकेसी डिग्री कॉलेज में आज जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार के द्वारा आगामी चार जून को होने वाली लोक सभा निर्वाचन कि मतगणना हेतु कॉउंटिंग पार्टियों की ट्रेनिंग सम्पन्न कराई गई। ट्रेनिंग में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन अपर जिलाधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि आप लोगों का प्रथम प्रशिक्षण आज पूरा हो गया है। सभी काउंटिंग पार्टियों का द्वितीय प्रशिक्षण आगामी तीन जून को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक बजे से प्रारंभ होगा। उक्त के बाद चार जून को प्रातः पांच बजे से मतगणना कार्मिकों को उनकी टेबल संख्या संबंधित जानकारी एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध करा दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की सभी कार्मिक प्रातः छह बजे रमाबाई स्थल पहुंच कर साढ़े सात बजे तक अपनी टेबल पर स्थान ग्रहण करना सुनिश्चित करे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना कर्मियों को दिशा निर्देश दिये कि चार जून की सुबह छह बजे सभी कॉउंटिंग पार्टियों को रमाबाई स्थल पहुंचना अनिवार्य है।जिनकी ड्यूटी लखनऊ लोकसभा मे लगी है



वो लखनऊ लोक सभा के गेट से और जिनकी ड्यूटी मोहनलालगंज लोक सभा मे लगी है। वो मोहनलालगंज लोक सभा के गेट से प्रवेश करेंगे। कोई भी मतगणना कर्मी मोबाईल या ऐसी कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस को अपने साथ अंदर नहीं ले सकेंगे। सर्वप्रथम अपनी नियुक्ति पत्र के अनुसार निर्धारित लोकसभा व विधानसभा एवं टेबल के आवंटन के आधार पर स्थान ग्रहण करे।उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित रहेंगे। जो गणना की समस्त गतिविधियों का पर्यवेक्षण समस्त गतिविधियों का पर्यवेक्षण करेंगे। मतगणना प्रारंभ होने पर विभिन्न चक्रों में मशीनें प्राप्त होगी। मशीन प्राप्त होने पर यह सुनिश्चित कर ले की चक्र के अनुसार निर्धारित मशीन ही उन्हें प्राप्त हुई है अथवा नही। कैरिंग केस पर लगे एड्रेस का मिलान 17सी में उल्लेखित बूथ से कर लें एवं मतगणना एजेंट को भी घोषित करे की मशीन किस बूथ की है। कैरिंग केस से कंट्रोल यूनिट को निकाले और उसमें निम्न तथ्यों को प्रदर्शित करें और स्वयं भी चेक करें कि कंट्रोल यूनिट का क्रमांक तथा एड्रेस्ड टैग निर्धारित बूथ के अनुसार है।कंट्रोल यूनिट की पिंक पेपर सील एवं स्ट्रिप सील एवं ग्रीन पेपर सील सुरक्षित है ऑल ग्रीन पेपर सील का क्रमांक प्ररूप 17 ग में वर्णित क्रमांक के अनुसार है। रिजल्ट सेक्शन के एड्रेस टैग सील को खोल कर रिजल्ट सेक्शन कवर को ऊपर की ओर उठाकर खोलें और क्लोज बटन के साथ लगे हुए स्पेशल टैग से भी बूथ का मिलान एवं सील की जांच करें की जांच करें। उपर्युक्त जांच बिंदुओं में में यदि किसी भी प्रकार की कमी हो तो आरओ को इसकी सूचना तत्काल दे।


तत्पश्चात मशीन का स्विच ऑन करें उसके डिस्प्ले प्रोसेस को पूरा होने दे। ग्रीन पेपर सील एवं स्पेशल टैग को बिना निकाले रिज़ल्ट बटन को दबाए। रिजल्ट बटन को दबाने के उपरांत मशीन के डिस्प्ले यूनिट पर सर्वप्रथम कुल वोट प्रदर्शित होगा, तदोपरान्त क्रमशः उम्मीवारों के क्रमांक के अनुसार वोट की संख्या प्रदर्शित होगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० आज, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न

सुलतानपुर /जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के आदेश के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना में लगे समस्त गणना कार्मिकों का प्रथम दिवस का प्रथम प्रशिक्षण विकास भवन के प्रेरणा सभागार सुलतानपुर में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण दो पालियों में संचालित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर



कौशिक ने बताया कि 04 जून को नवीन कृषि मंडी समिति, अमहट सुलतानपुर में प्रातः 8.00 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। उन्होंने सभी मतगणना कार्मिकों से कहा कि शुद्धता व निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए गणना कार्य करना है। 17 सी गणना भाग 2 को सही - सही भरेंगे और उम्मीदवार पड़े मतों का मिलान कुल पड़े मतों से कर लेंगे। जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि सभी गणना कार्मिक गणना तिथि को प्रातः 6.00 बजे तक नवीन कृषि मंडी अमहट पहुँच जायेंगे। आपको किस गणना टेबल पर गणना करनी है, ये गणना तिथि को प्रातः गणना स्थल पर ही पता चलेगा। उन्होंने ने बताया कि शुद्धता व शीघ्रता को ध्यान में रखते हुए काउंटिंग करना है। कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट बटन को दबाने के बाद कंडीडेट वार मतों को गणना प्रपत्रों पर सही - सही भरेंगे। जॉइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा ने बताया कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम चरण होता है, इसलिए मतगणना का कार्य शांति पूर्ण व निष्पक्षता के साथ सम्पन्न करना है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ०संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में 14 - 14 गणना टेबिल पर ई.वी.एम. से मतगणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया ई०वी०एम० की काउंटिंग की एक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक माइक्रो आब्जर्वर, एक गणना सहायक और एक चतुर्थ श्रेणी कार्मिक होगा स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पाण्डेय ने सी०यू० की काउंटिंग की प्रक्रिया को बताया कि सी०यू० के बटन को ऑन करेंगे और रिजल्ट बटन को दबाना है और कैंडिडेट वार मिले मत को 17 सी मतपत्र लेखा के भाग- 2 में अंकित करेंगे और इसकी दो प्रति तैयार करेंगे। स्टेट मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के क्रम में प्रत्येक विधानसभा की रैंडमली किन्ही पाँच-पाँच बूथ के वी०वी०पैट० की पर्चियों की गणना भी की जायेगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० पॉयनियर, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# Lucknow LS result likely to come earlier than Mohanlalganj

## 800 counting personnel trained

PNS ■ LUCKNOW

With the number of counting rounds being lesser for the Lucknow Lok Sabha constituency, its result is likely to come faster as compared to the Mohanlalganj Lok Sabha constituency on June 4 when counting will be taken up.

Giving this information, a senior official from the district election office said that counting would start at 8 am at Ramabai grounds on June 4 and results would come between 3 pm and 4 pm.

He said that the training was imparted to 800 counting personnel on Wednesday at Jai Narain Degree College, including counting supervisors, counting assistants, micro observers and additional returning officers for both Lucknow and Mohanlalganj Lok Sabha constituencies.

He informed that for the Mohanlalganj Lok Sabha constituency, 42 rounds of counting will be held for Sarojini Nagar assembly segment, 35 rounds for Bakshi Ka Talab segment and 29 rounds each for Malihabad and Mohanlalganj assembly segments.

In Lucknow Lok Sabha constituency, the maximum counting rounds of 30 will be held for Lucknow West and Lucknow East assembly segments, 24 rounds for Lucknow Cantonment segment, 24 rounds for Lucknow Central assembly segment and 29 rounds for Lucknow North assembly segment.

There will be 14 tables in each room of the Ramabai grounds where the counting will be held and counting for 14 booths will take place at one time. For Sarojininagar, the Election Commission of India will set up 18 tables

"Arrangements are also being made for the counting of the postal ballots and the electrically transmitted postal ballot in a separate room," the official added.

Security will be in place, he informed. "The outer two rings will have the state police and the inner ring immediately outside the counting rooms will be guarded by the CRPF. Water and food arrangements for the personnel on duty are also being looked into. Passes will also be issued for the candidates and the party agents who will be present for the voting," he said. He said that work had started on how the counting tables would be set up in the rooms at Ramabai grounds. "Arrangements for air-conditioners are also being made looking into the heat wave conditions prevailing in the city," he added.

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

समाचार पत्र का नाम दै0 हिन्दुस्तान, लखनऊ दिनांक 3 0 MAY 2024

## पुलिस ने बिना लाइसेंस के 48 असलहे जब्त किए

लखनऊ। पुलिस विभाग द्वारा मंगलवार को सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 5949 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के 48 शस्त्र, 77 कारतूस, 63 किलोग्राम विस्फोटक व चार बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 34 केन्द्रों पर छापेमारी की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य में संचालित हैं।

# अंतिम चरण की 13 सीटों पर आज शाम थमेगा चुनाव प्रचार

## एक जून को होगा मतदान, 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**LUCKNOW (29 May) :** लोकसभा के चुनाव में अंतिम चरण के मतदान वाले क्षेत्रों और दुद्धी उप निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार का शोरगुल गुरुवार शाम छह बजे थम जाएगा. सातवें चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मीरजापुर व राबर्ट्सगंज सीटों पर एक जून को मतदान होगा. इन सभी 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष और 10 महिला हैं. वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इन 13 सीटों में नौ भाजपा, दो अपना दल (एस) और दो ब्रसपा की झोली में गई थी.

### मोदी-योगी का गढ़

मोदी-योगी के गढ़ में होने वाली निर्णायक लड़ाई पर सभी की निगाहें लगी हैं. यूपी की सबसे अहम वाराणसी लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं. गोरखपुर की चर्चित सीट से भाजपा ने अभिनेता और मौजूदा सांसद रवि किशन को टिकट दिया है. उनका मुकाबला सपा नेता काजल निषाद से है. चंदौली सीट से केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय हैट ट्रिक लगाने के इरादे से मैदान में हैं. मीरजापुर से दो बार सांसद रह चुकीं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का मुकाबला सपा के रमेश बिंद से है. गाजीपुर की लड़ाई भी रोचक है. सपा ने यहां से मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी को टिकट दिया है. अफजाल ने पिछले चुनाव में बसपा के टिकट पर इस सीट से जीत हासिल की थी.



### इन सीटों पर वोटिंग

- महराजगंज
- गोरखपुर
- कुशीनगर
- देवरिया
- बांसगांव
- घोसी
- सलेमपुर
- बलिया
- गाजीपुर
- चंदौली
- वाराणसी
- मीरजापुर
- राबर्ट्सगंज

## चार जून को बंद रहेंगी शराब की दुकानें

### चार जून को होनी है लोकसभा चुनाव की मतगणना

**LUCKNOW (29 MAY):** मतदान की तरह ही मतगणना के दिन भी जिले में शराब की दुकानें बंद रहेंगी. चार जून को लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा सीटों के लिए मतगणना होनी है. डीएम सूर्यपाल गंगवार ने चार जून को शराब और बीयर की सभी दुकानें बंद रखने का आदेश जारी किया है. नियमानुसार जिस जिले में मतदान और मतगणना हो रही हो वहां से आठ किमी तक के दायरे में कोई दुकान खुलनी नहीं चाहिए.

### तो लिया जाएगा एक्शन

जिला आबकारी अधिकारी के मुताबिक बंदी के दौरान अगर कोई भी लाइसेंस धारक शराब या बीयर की बिक्री करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी. वहीं, मतगणना को देखते हुए आबकारी विभाग की टीमों ने कई जगहों पर छापा मारा. आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शराब की अवैध बिक्री रोकने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं. सीमावर्ती एरिया में भी आबकारी निरीक्षक संदिग्ध वाहनों की तलाशी कर रहे हैं. इसके अलावा जो लोग पहले शराब तस्करी के मामलों में शामिल रहे हैं उन पर भी निगाह रखी जा रही है.

## घोसी में सबसे ज्यादा 28 कैंडिडेट्स

अंतिम चरण में सबसे अधिक 28 उम्मीदवार घोसी सीट पर हैं, जबकि सबसे कम सात-सात उम्मीदवार वाराणसी व देवरिया में हैं. वहीं, महाराजगंज व बांसगांव में आठ-आठ, कुशीनगर व सलेमपुर में नौ-नौ, गाजीपुर, मीरजापुर व चंदौली में 10-10, राबर्ट्सगंज में 12 और गोरखपुर व बलिया सीट से 13-13, प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं. इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 2,50,56,877 मतदाता करेंगे. इनमें 1,33,10,897 पुरुष, 1,17,44,922 महिला और 1058 थर्ड जेंडर हैं. मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि (30 मई, शाम छह बजे) से चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा. चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों में सभी राजनीतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी.

# तीन जून को होगा ड्राय रन

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने काउंटिंग पार्टियों की ट्रेनिंग पूरी कराई

**LUCKNOW (29 May, inext)** जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा बुधवार को केकेसी डिग्री कॉलेज में 4 जून को होने वाली लोक सभा निर्वाचन कि मतगणना के लिए काउंटिंग पार्टियों की ट्रेनिंग कराई गई. जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया सभी काउंटिंग पार्टियों का द्वितीय प्रशिक्षण तीन जून 2024 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में अपराह्न 1 बजे से प्रारंभ होगा. इसके बाद 4 जून सुबह पांच बजे से मतगणना कर्मियों को उनकी टेबल संख्या उपलब्ध करा दी जाएगी. जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी कार्मिक सुबह 6 बजे रमाबाई स्थल पहुंचकर 7.30 बजे तक अपनी टेबल पर स्थान ग्रहण करेंगे.

## स्कैनिंग की जानकारी दी

जिला निर्वाचन अधिकारी कैलेक्ट्रेट सभागार में चल रही ईटीपीबीएस मतपत्रों की स्कैनिंग के प्रशिक्षण में भी शामिल हुए. जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कार्मिकों से संवाद करते हुए ईटीपीबीएस मत पत्रों की स्कैनिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने बताया की आज की ट्रेनिंग के बाद तीन जून को रमाबाई स्थल पर सुबह 7.30 बजे ईटीपीबीएस मत पत्रों को स्कैनिंग करने की प्रक्रिया 'ड्राय रन' कराया जाएगा.




## ये निर्देश जारी किए गए

- जिनकी ड्यूटी लखनऊ लोकसभा में लगी है, वो लखनऊ लोकसभा के गेट से और जिनकी ड्यूटी मोहनलालगंज लोकसभा मे लगी है वो मोहनलालगंज लोकसभा के गेट से प्रवेश करेंगे.
- कोई भी मतगणना कर्मी मोबाइल या किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को अपने साथ अंदर नहीं ले जा सकेगा.
- अपनी नियुक्ति पत्र के अनुसार निर्धारित लोकसभा, विधानसभा एवं टेबल के आवंटन के आधार पर स्थान ग्रहण करना होगा.
- प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक माइक्रो ऑब्जर्वर मौजूद रहेंगे, जो गणना की सभी गतिविधियों का पर्यवेक्षण करेंगे.
- मतगणना प्रारंभ होने पर विभिन्न चक्रों में मशीनें प्राप्त होंगी. मशीन प्राप्त होने पर यह सुनिश्चित कर लें की चक्र के अनुसार निर्धारित मशीन ही उन्हें प्राप्त हुई है अथवा नही.
- कैरिंग केस से कंट्रोल यूनिट को निकाले और उसमें निम्न तथ्यों को प्रदर्शित करें और स्वयं भी चेक करें.
- स्ट्रिप सील को सावधानीपूर्वक इस तरह से कटे की ग्रीन पेपर सील का क्रमांक सुरक्षित रहे.
- ग्रीन पेपर सील एवं स्पेशल टैग को बिना निकाले रिजल्ट बटन को दबाएं.
- रिजल्ट बटन को दबाने के बाद मशीन के डिस्प्ले यूनिट पर सर्वप्रथम कुल वोट प्रदर्शित होगा, इसके बाद उम्मीदवारों के क्रमांक के अनुसार वोट की संख्या प्रदर्शित होगी:
- कंट्रोल यूनिट मे प्रदर्शन के अनुसार तत्काल सावधानी पूर्वक कुल वोट एवं उम्मीदवारों को प्राप्त मतों को मतगणना पर्यवेक्षक के द्वारा तेज स्वर में पढ़ा जाएगा, ताकि उसे मतगणना सहायक एवं मतगणना एजेंट आसानी से सुन सके.
- डिस्प्ले यूनिट का प्रदर्शन इस तरह से हो कि उसे मतगणना एजेंट तथा माइक्रो ऑब्जर्वर भी आसानी से देख सकें.

# मतगणना वाले दिन ही कर्मचारियों को गणना टेबल का पता चलेगा

- मतगणना वाले दिन सुबह से मोबाइल पर भेजा जाएगा एसएमएस

लखनऊ ( डीएनएन )। केकेसी में बुधवार को मतगणना के लिए तैनात किए गए कर्मचारियों का प्रशिक्षण हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि किस कर्मचारी को कौन सी टेबल पर तैनात किया गया है। इसकी जानकारी उनको एसएमएस से मिलेगी। यह एसएमएस चार जून, यानी मतगणना वाले दिन सुबह पांच बजे उनके मोबाइल पर भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि काउंटिंग पार्टियों यानी मतगणना कार्मिकों का दूसरा प्रशिक्षण तीन जून को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में होगा। सभी कर्मचारियों को सुबह छह बजे रमाबाई आम्बेडकर रैली स्थल पहुंच जाना होगा। इसके बाद 7.30 बजे तक टेबल पर अपना स्थान ग्रहण करेंगे। रमाबाई रैली स्थल पर मतगणना केन्द्र के दो गेट रहेंगे। एक लखनऊ और दूसरा मोहनलालगंज का होगा। जिस कर्मचारी की जहां ड्यूटी है वह उसी लोकसभा क्षेत्र के गेट से प्रवेश करेगा। डीएम ने हिदायत दी कि कोई मतगणना कर्मचारी मोबाइल या कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अपने साथ भीतर लेकर नहीं जाएगा।

## माइक्रो ऑब्जर्वर रखेंगे नजर

प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की जाएगी। उनका कार्य मतगणना प्रक्रिया पर नजर रखना होगा। ईवीएम जब स्ट्रॉन्ग रूम से निकाल कर लाई जाती है तो कैरिंग केस पर संबंधित बूथ का पता होता है। मतगणना कर्मचारी को उस पते का मिलान प्रारूप 17 सी में दर्ज बूथ से करना होता है। साथ ही प्रत्याशियों के मतगणना एजेंट को बताना होता है मशीन किस बूथ की है। इसके बाद कंट्रोल यूनिट निकालकर उसे एजेंटों को प्रदर्शित करना होता है, ताकि वे संतुष्ट हो जाएं कि मशीन का क्रमांक और टैग संबंधित बूथ का ही है। यह भी कि कंट्रोल यूनिट का पिंक पेपर सील और स्ट्रिप सील, ग्रीन पेपर सील सुरक्षित है या नहीं। स्ट्रिप सील को सावधानी से काटना होता है, ताकि सील का क्रमांक सुरक्षित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज़ लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# जिलाधिकारी ने स्ट्रांगरूम का किया निरीक्षण

## सीसीटीवी कैमरों की जांच कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा



डेली न्यूज नेटवर्क

**श्रावस्ती।** लोकसभा चुनाव का मतदान 25 मई, 2024 को सकुशल रूप से संपन्न हो चुका है। ईवीएम व वीवीपैट को कलेक्ट्रेट स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है।

स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सतत रूप से निगरानी की जा रही है। जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने मंगलवार को रात्रि में निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति एवं एंट्री पंजिकाओं का अवलोकन किया तथा सीसीटीवी से की जा रही निगरानी एवं अन्य व्यवस्थाओं को जांच की। उन्होने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। कैमरे सुचारू रूप से संचालित पाये गये।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना 04 जून को होगी। इसकी निरंतर निगरानी हेतु सुरक्षा जवान तैनात किये गये है। सीसीटीवी कैमरों से भी सतत निगरानी की जा रही है। सम्पूर्ण परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतेजाम किये गये है। जिसके लिए 24 घंटे पुलिस बल तैनात किया गया है, मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

### सीओ सिटी ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं



**श्रावस्ती,( डीएनएन )।** क्षेत्राधिकारी भिनगा नगर अतुल कुमार चौबे ने जनता दर्शन में बुधवार को समस्यायें सुनीं भिनगा स्थित एसपी कार्यालय में इस दौरान विभिनन वादों को लेकर 25 फरियादी पहुंचे। जिसमे पांच भूमि विवाद 06 पारिवारिक विवाद तथा 14 अन्य विवादों से सम्बन्धि तमामले आयें सीओं ने अधीनस्थ थानाध्यक्षों एवं उप निरीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए त्वरित निस्तारण के आदेश दियें।

समाचार पत्र का नाम ........दै० डेली न्यूज लखनऊ........ दिनांक 3 0 MAY 2024

# कार्मिकों को डीएम ने दिया प्रशिक्षण

गाजीपुर (डीएनएन)। लोक सभा निर्वाचन के लिए 1 जून को मतदान होना है। इस सम्बन्ध में 31 मई को विभिन्न चयनित स्थानों से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होंगी। पोलिंग पार्टियों के मतदान के लिए दिये जाने वाले सामग्रियों के लिए टेबल पर लगाये गये कार्मिकों को बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने उनके कार्य दायित्वों का बोध कराते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्मिकों द्वारा टेबल पर समाग्री वितरण के दौरान अपने मृदु स्वभाव का परिचय देते हुए कार्य करेंगे। जिससे पीठासीन अधिकारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशिक्षण में सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रखर उत्तम ने कार्मिको को समाग्री वितरण की विन्दूवार जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में 75-गाजीपुर एवं 72 बलिया (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान 1 जून एवं मतगणना 4 जून को सम्पन्न होगी। मतदान सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न स्थलों से मतदान टोलियां 31 मई के प्रातः 7 बजे से निर्धारित मतदेय स्थलों के लिए उपलब्ध कराये गये वाहन से प्रस्थान करेगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# चुनाव महोत्सव एवं सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन



डेली न्यूज नेटवर्क

**गाजीपुर।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जिले में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत 28 मई को सायं 6 बजे से लंका मैदान मे 'चुनाव महोत्सव एक सांस्कृतिक संध्या' कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। चुनाव महोत्सव का सीधा प्रसारण जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के चिन्हित स्थानों पर एलईडी के माध्यम से दिखाया गया।

- **गीत, नुक्कड़ नाटर व नृत्य के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरुक**

महोत्सव मे विभिन्न विद्यालयो के छात्र-छात्राओं, कलाकारों के द्वारा गीत, नुक्कड नाटक व नृत्य के माध्यम से लोगो को मतदान करने का आह्वाहन किया गया। जिलाधिकारी ने कलाकारों संग स्वयं मतदाता जागरूकता गीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि कि जनपद मे लोक सभा सामान्य निर्वाचन के तहत 1 जून को मतदान होना है। हम लोग शत-प्रतिशत मतदान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हम लोग लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रयास कर रहे है कि मतदान शत प्रतिशत हो और जो भी मतदाता जनपद से बाहर रह रहे है उन्हे भी दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क किया जा रहा है कि वह आयें और 1 जून को मतदान करें। इसी दिशा में जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। पूर्व में वोटर पीमियर लीग के माध्यम से युवा पीढी को मतदान करने लिए जागरूक किया गया है। दिनांक 28 मई को जनपद के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 'चुनाव महोत्सव एक सास्कृतिक संध्या' का आयोजन लंका मैदान में किया गया है। जिसका लाइव प्रसारण कराया गया एवं यू ट्यूब का लिंक एवं क्यूआर कौड भी जनरेट किया गया था। इस माध्यम से लोग अपने घरों से लाइव प्रसारण से जुड़े थे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज़ लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# 351 उम्मीदवारों में सिर्फ 21 पर ही 150 करोड़ रुपए का बकाया

लखनऊ ( डीएनएन )। लोकसभा चुनाव में खड़े यूपी के उम्मीदवारों में से 351 के ऊपर भारी कर्ज है। सबसे बड़े कर्जदार कैसरगंज के भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह हैं। उन पर 22.93 करोड़ रुपए का कर्जा है। वहीं कानपुर से कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा प्रदेश में दूसरे सबसे बड़े कर्जदार हैं। उन पर 12.83 करोड़ रुपए का बोझ है। पिछले लोकसभा चुनाव में 377 प्रत्याशियों पर 388 करोड़ रुपये का कर्ज था। इस बार चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे उम्मीदवारों में बड़ी संख्या में ऐसे हैं जिनके ऊपर काफी कर्ज हैं। प्रत्येक चरण में सबसे ज्यादा देनदारी वाले शीर्ष तीन प्रत्याशियों की एडीआर द्वारा रिपोर्ट जारी की गई। सभी सातों चरण में सबसे ज्यादा देनदारी वाले शीर्ष 21 प्रत्याशियों में से भाजपा के नौ, सपा के पांच, बसपा के तीन, कांग्रेस के दो और इंडियन नेशनल लोकदल व फॉरवर्ड ब्लॉक का एक-एक उम्मीदवार है। इन देनदारियों में गैर विवादित और विवादित दोनों ही देनदारियां शामिल हैं। पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार देनदारी की सूची में 26 प्रत्याशी कम हैं। यानी पिछले लोकसभा चुनाव में देनदारों की फेहरिस्त लंबी थीए जो इस बार घट गई है। किसी भी तरह की वित्तीय अनियमितता से बचने वाले प्रत्याशियों की संख्या में भी कमी आई है। विवादित देनदारी के मामले 10 से ज्यादा नहीं हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# एचआरपीजी कॉलेज में 04 जून को प्रातः आठ बजे से होगी मतगणना

## मतगणना परिणाम की घोषणा के बाद विजयी प्रत्याशी द्वारा नहीं निकाला जायेगा विजय जुलूस

- **मतगणना की तैयारियों के संबंध में प्रत्याशियों व प्रत्याशी प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने किया बैठक**



**संतकबीरनगर( डीएनएन )।** रिटर्निंग ऑफिसर /जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में 62-संत कबीर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना आगामी 04 जून को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के दृष्टिगत प्रत्याशी/प्रत्याशी प्रतिनिधियों के साथ मतगणना कार्यों के संबंध में की जाने वाली तैयारियों से संबंधित एवं मतगणना प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने आदि से सम्बंधित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों खलीलाबाद, मेहदावल एवं धनघटा में सम्पन्न मतदान की मतगणना निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी चार जून को जनपद के हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में चयनित विधानसभा क्षेत्रवार अलग-अलग कक्षों में प्रातः आठ बजे से प्रारम्भ होगी।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार अलग-अलग मतगणना हालों में ई.वी.एम. की मतगणना के लिए 14 टेबल निर्धारित की गई है, जिन पर मतगणना करायी जायेगी। उन्होंने समस्त प्रत्याशियों को अवगत कराया कि अपने मतगणना एजेण्ट बनाने हेतु फार्म-18 पर आवेदन कर दे जिससे मतगणना से 03 दिन पहले प्राप्त आवेदन पर मतगणना एजेण्ट बना दिये जाए। नियुक्त किये गये अभिकर्ता मतगणना दिवस पर मतगणना हेतु निर्धारित समय प्रातः 05 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिससे उनकी उपस्थित में स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। मतगणना अभिकर्ता को अपने साथ पेन, पेन्सिल, सादा कागज, नोंटपैड एवं 17ग की डुप्लीकेट प्रति ले जाने की अनुमति होगी, अन्य कोई भी सामान ले जाने की अनुमति नहीं होगी तथा कोई भी अभ्यर्थी, गणना अभिकर्ता अपने साथ कोई आग्नेयास्त्र एवं मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अथवा पानी की बोतल आदि लेकर मतगणना हाल में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। उन्होंने बतायी कि मतगणना परिणाम लाउडस्पीकर से घोषित किया जायेगा, मतगणना केन्द्र से 200 मीटर की परिधि के भीतर उम्मीदवारों, उनके निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता मतगणना कार्मिक, सुरक्षा कर्मियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य सभी का प्रवेश वर्जित होगा। उन्होंने बताया कि मतगणना परिणाम की घोषणा के उपरांत विजयी प्रत्याशी द्वारा कोई विजय जुलूस नहीं निकला जाएगा, संपूर्ण जनपद में पूर्व से ही आदर्श आचार संहिता एवं धारा-144 द०प्र०सं० निषेधाज्ञा प्रभावी है। मतगणना के दिन प्रत्येक मतगणना अभिकर्ता को अपने पास मतगणना पास रखना अनिवार्य होगा, मतगणना पास के बिना मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आगामी 04 जून को मेहदावल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 493, खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के 508 व धनघटा विधानसभा क्षेत्र के 436 कुल 1437 बूथों के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में पड़े मतों व डाक मत पत्रों से डाले गए वोट की गणना की जाएगी इसमें ईवीएम के लिए 228 व डाक मत पत्र की गिनती के लिए 48 कर्मी लगाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक विधानसभा के ईवीएम के मतों की गिनती के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे, प्रत्येक टेबल पर चार मतगणना कार्मिक की ड्यूटी लगेगी, इसमें एक गणना पर्यवेक्षक, दो मतगणना सहायक व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी शामिल हैं। मतगणना के लिए कुल 14 पार्टी यानी कुल 56 मतगणना कर्मी की ड्यूटी लगेगी, मतों की गिनती के दौरान किसी कार्मिक की तबीयत खराब होने या अन्य कारणों की दशा में कोई बाधा न आए इसके लिए तीन पार्टी रिजर्व में रहेंगे।

एआरओ टेबल के लिए दो पार्टी यानी 8 मतगणना कार्मिक रहेंगे, इस प्रकार एक विधानसभा के लिए कुल 76 मतगणना कर्मी की ड्यूटी लगेगी, इस प्रकार जनपद के मेहदावल, खलीलाबाद व धनघटा विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम में पड़े मतों की गिनती के लिए 228 मतगणना कार्यक्रम की ड्यूटी लगेगी, डाक मत पत्रों की गिनती के लिए 8 टेबल लगेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर के पास 32 मतगणना कार्मिक लगेंगे, इसके लिए तीन पार्टी रिजर्व में रहेगी। इस तरह तीनों विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम के लिए 228 व डाक मतपत्र की गिनती के लिए 48 यानी कुल 276 मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रत्याशियों एवं उनके अभिकर्ताओं से सम्पूर्ण मतगणना प्रक्रिया के दौरान सहायोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए विभिन्न बिन्दुओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि समस्त प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रक्रिया में अब तक सहयोग बनाये रखने पर धन्यवाद देते हुए मतगणना कार्य में भी शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील किया तथा सुरक्षा व्यवस्था सहित निर्वाचनन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु आश्वस्त किया।

उन्होंने कहा कि मतगणना पूरी तरह से निष्पक्ष एवं कैमरे की निगरानी में कराये जाने की व्यवस्था बनायी गयी है। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था, बैरेकेटिंग सहित अन्य बिन्दुओं के बारे में सभी प्रत्याशियों को अवगत कराया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह, बसपा प्रत्याशी नदीम अशरफ भाजपा प्रत्याशी प्रतिनिधि कमलेश, सपा प्रत्याशी प्रतिनिधि प्रमोद कुमार, पूर्व प्रदेश सचिव सपा रामदरश यादव, प्रगतिशील समाज पार्टी के प्रत्याशी धीरज श्रीवास्तव, निर्दलीय प्रत्याशी सत्यवन्त प्रताप सिंह, रामकृष्ण द्विवेदी सहित समस्त ए.आर.ओ. एवं सम्बंधित आदि उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० दैनिक भास्कर, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण पूरा, तैयारियों में जुटा प्रशासन

भास्कर ब्यूरो



गोंडा। बुधवार को श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय ललिता सभागार में मतगणना कार्मिकों का प्रषिक्षण दिया गया जिसमें ईवीएम से मतगणना के तरीके बताये गये। डीएम जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा 'शर्मा , मुख्य विकास अधिकारी अरून्मोलि ने प्रषिक्षण का निरीक्षण किया।

कैसरगंज संसदीय सीट पर 2017 मतदेय स्थल हैं।गोंडा संसदीय सीट पर 1985 मतदेय स्थल हैं। गोंडा में सदर सीट, मनकापुर, गौरा, मेहनौन व उतरौला विधान सभा षामिल हैं।कैसरगंज में तरबगंज, कर्नलगंज, कटराबाजार व पयागपुर व कैसरगंज विधानसभा सीटें षामिल है।गोंडा में कैसरगंज संसदीय सीट की तीन विधान सभाओं की गिनती होगी और दो विधान सभा की बहराइच में गिनती होगी। इसी तरह गोंडा में सदर सीट समेत चार की गिनती गोडा में और एक उतरौला की गिनती बलरामपुर में होगी। इसके लिए मतगणना कार्मिकों का प्रषिक्षण पहले दिन दिया गया, इसके बाद दूसरे स्तर का प्रषिक्षण दिया जाएगा।

## मतगणना कार्मिकों को दिये गये दिशा-निर्देश

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को उदयन सभागार में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतगणना कार्मिकों को 02 पालियों-प्रथम पाली पूर्वानह 11 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 बजे तक प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। ज्ञात हो कि जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मतगणना के सम्बन्ध में मतगणना कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना का कार्य बहुत ही संवेदनशील होता है, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। भली-भाँति प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यों एवं दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। भारत निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्यां एवं दायित्वों के विषय में विस्तृत जानकारीध्प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी (कार्मिक व प्रशिक्षण)ध्मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा उपस्थित रहें।

## मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न

**बलिया।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने मतगणना कार्मिको के चल रहे प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कर्मिको से सौंपे गए दायित्वो को पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि पूरा जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष, विश्वसनीय ढंग से तथा पारदर्शी, शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मतगणना के लिए यहां पर 532 कार्मिकों का प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया था और पीपीटी के माध्यम से उनके कार्यों और दायित्वों के बारे में उन्हें विस्तृत जानकारी दी गई।सभी कार्मिक भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश एवं गाइडलाईन के अनुरूप सौपे गये दायित्वो का निर्वहन पूरी ईमानदारी से और सावधानी बरतते हुए मतगणना कार्य को संपन्न करायें। उन्होने निर्देशित किया कि मतगणना सम्बन्धी उपलब्ध कराये गये प्रारूप के समस्त कालम स्पष्ट शब्दो मे साफ-साफ भरे। मतदेय स्थल के कमांक, तथा मतो का लेखा 17ग के अनुसार ही प्रारूप के कालम में स्पष्ट शब्दो में भरे। अगर किसी को कोई समस्या या संशय हो तो तत्काल अपने ट्रेनर से मिलकर उसका निदान करें।इस मौके पर प्रभारी प्रशिक्षण/परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी एवं ट्रेनर व कार्मिक मौजूद थे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० दैनिक भास्कर, लखनऊ दिनांक 3 0 MAY 2024

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया स्ट्रांगरूम का निरीक्षण



**श्रावस्ती।** लोकसभा चुनाव का मतदान सकुशल रूप से संपन्न हो चुका है। ईवीएम व वीवीपैट को कलेक्ट्रेट स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने मंगलवार को रात्रि में निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति एवं एंट्री पंजिकाओं का अवलोकन किया तथा सीसीटीवी से की जा रही निगरानी एवं अन्य व्यवस्थाओं को जांच की। उन्होने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। कैमरे सुचारू रूप से संचालित पाये गये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना चार जून को होगी। इसकी निरंतर निगरानी हेतु सुरक्षा जवान तैनात किये गये है। सीसीटीवी कैमरों से भी सतत निगरानी की जा रही है। सम्पूर्ण परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतेजाम किये गये है। जिसके लिए 24 घंटे पुलिस बल तैनात किया गया है। मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

## बैलट पेपर के माध्यम से कराया मतदान

महराजगंज, 29 मई(तरूणमित्र)। ज़िले में सप्तम चरण निर्वाचन में कुल 514 स्थानीय होमगाड्र्स जवानों की ड्यूटी लगी हुई है। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के अनुपालन में आज दिनांक 29.5.2024 को कलेक्ट्रेट महराजगंज में इन सभी जवानों को बैलट पेपर के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है, जिसमें सभी जवान पूरे उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। दोपहर लगभग 2 बजे जिलाधिकारी अनुनय से झा ने मतदान की प्रगति की जानकारी ली तब तक कुल 290 मत पड़ चुके थे। इसके बाद भी मतदान जारी रहा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै० तरुणमित्र लखनऊ ........ दिनांक ........ 30 MAY 2024

# डीएम ने मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

गोण्डा, 29 मई(तरूणमित्र)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चुनाव की मतगणना 04 जून को मतगणना स्थल नवीन गल्ला मण्डी बहराइच रोड गोण्डा में की जाएगी। बुधवार को श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के ललिता सभागार गोण्डा में मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मोली की देखरेख में मतगणना कार्मिकों एवं आरओ व एआरओ का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में डीएम ने मतगणना कार्मिकों को समय से मतगणना स्थल पर पहुंच कर मतगणना का कार्य शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि धैर्य पूर्वक अपना काम करें। प्रशिक्षण के दौरान डीएम श्रीमती ने कहा कि मतगणना पूरी चुनाव प्रक्रिया का आखिरी और सर्वाधिक संवेदनशील चरण है, इसलिए सभी कार्मिक मतगणना प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लें और मतगणना को बेहद सावधानी पूर्वक पूरा कराएं। मतगणना के दौरान प्रत्याशी व उनके एजेंट कभी-कभी दबाव में उत्तेजित हो जाते हैं इसलिए मतगणना कार्मिक अपना धैर्य बनाए रखें। सभी लोग अपना कार्य करें। किसी के दबाव में ना आएं। कोई भी मतगणना कार्मिक को यदि कोई दिक्कत हो तो तुरंत संबंधित एआरओ को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि मतगणना में विलंब न होने पाए इसका सभी कार्मिक विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मोली, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर, तथा समस्त एआरओ व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 3 0 MAY 2024

# निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में हुआ वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

**बदायूँ, 29 मई (तरुणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत लोकसभा क्षेत्र बदायूँ के प्रत्याशियों के निर्वाचन अभिकताओं की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन अभिकर्ता व अधिकारी मौजूद रहे।

महिलाओ पर अश्लील फब्तियां कसने का विरोध करने पर खनन माफियाओं ने मारपीट कर किया घायल

फिरोजाबाद, थाना नगला सिंघी के गांव गदनपुरा में बुधवार की प्रात खनन माफियाओं द्वारा अश्लील फब्तियों का विरोध करने पर तीन भाइयों को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया पुलिस ने तीनों भाइयों का डॉक्टरी परीक्षण सरकारी ट्रामा सेंटर में कराया है गदनपुरा निवासी वीरेन्द्र के परिवार की महिलाये बुधवार की प्रात शौच के लिये जा रही थी। रास्ते मे समीपवर्ती गाँवो के कुछ लोग मिट्टी का खनन कर रहे थे, उन्होंने महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसना शुरू कर दिया।

जिसकी जानकारी महिलाओ ने घर आकर परिजनों को दी, वीरेन्द्र ने अश्लील फब्तियां कसने वालो से कहा सुनी की जिसपर वह आग बबूला हो गये, उन्होंने लाठी डंडों से वीरेन्द्र के साथ मारपीट कर दी,शोर सुनकर श्यामवीर व भानु प्रताप अपने भाई वीरेन्द्र को बचाने पहुँचे तो उनके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे वह भी लहूलुहान हो गये।

सूचना पुलिस को दी पुलिस ने तीनों भाइयों का डॉक्टरी परीक्षण सरकारी ट्रामा सेन्टर में कराया है। चिकित्सक ने वीरेन्द्र व उसके भाई भानुप्रताप को गम्भीर चोट आने के कारण भर्ती कर लिया है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ
समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 3 0 MAY 2024

# डीएम व एसपी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

## मतगणना स्थल पर रहेगी त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस व प्रशासन की नजर

**फिरोजाबाद, 29 मई (तरूणमित्र)।** मंडी समिति शिकोहाबाद में पुलिस व जिला प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 4 जून को 8:00 बजे से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना प्रारंभ होगी। मतगणना को निष्पक्ष पारदर्शी शकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए आज मंगलवार को जिलाधिकारी रमेश रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने मत गणना स्थल मंडी समिति शिकोहाबाद का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान कानून व्यवस्था की दृष्टि से सभी बारीकियां पर ध्यान देते हुए सभी संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि फिरोजाबाद की ओर से आने वाले वाहनों को रोकने के लिए हाई वे से सर्विस रोड के प्रारंभ होते ही दोनों साइड में वेरीकेटिंग लगाई जाएगी। मतगणना कार्मिकों के वाहन रामलीला मैदान में एवं अधिकारियों के वाहन राही गेस्ट हाउस पर पार्किंग किए जाएंगे। मतगणना स्थल पर 75 हाय मेगापिक्सल के सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं।

**मतगणना स्थल से 200 मी तक बैरीगेटिंग लगाकर किया जाएगा सील तीन चेक पोस्ट भी बनाई जाएंगी**

इसके अतिरिक्त ड्रोन कैमरा से भी सभी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। मतगणना स्थल को त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था से आच्छादित किया गया है।

आउटर लेयर में मजिस्ट्रेटस की तैनाती की गई है वहीं इनर लेयर में वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहकर व्यवस्थाओं को देखेंगे और आवश्यक दिशा निर्देश देंगे।

मंडी समिति के गेट से लेकर शिकोहाबाद की ओर ओवर ब्रिज के दोनों ओर तक बैरिकेटिंग लगाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त भारी संख्या में पुलिस पीएसी एवं पैरामिलिट्री फोर्स की मौजूदगी रहेगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० दैनिक भास्कर, लखनऊ...... दिनांक 3 0 MAY 2024

# जिला प्रशासन ने भेजी मतदाताओं के नाम घर-घर पाती, चलो मतदान करें

भास्कर ब्यूरो

**• जिलाधिकारी अनुनय झा ने मतदान का प्रतिशत 70 फीसदी आंकड़ा पार करने के लिए जिले के सभी मतदाताओं से किया अपील**

**महराजगंज।** लोकसभा चुनाव होने में चंद दि नही अब शेष रह गया है। घड़ी की सुई ज्यों-ज्यों आगे की ओर बढ़ रही है। त्यों-त्यों इस भंयकर गर्मी में चुनावी पारा परवान चढ़ने लगी है। शहर व गांव की चौपालों पर बहस तेज हो गई है। हर कोई एक दूसरे से जानने की कोशिश में जुटा है कि आखिर किसके सिर पर सेहरा बधेगा। इधर जिला प्रशासन एक मतदाता को बूथ तक प्हुंचाकर मतदान कराने के लिए ताकत झोंकी है। इससे लगने लगा है कि जनपद के मतदाताओं में अबकी चुनाव में मतदान करने की ललक बढ़ी है। एक जून को मतदान करने के लिए मतदाता उत्साहित है। हर किसी को इंतजार उस घड़ी की नजर आ रही है, जब बूथ पर देश व समाज की तस्वीर बदलने के लिए सुनहरा मौका मिलेगा।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा की ओर से जिले के हर एक मतदाता के नाम उनके घर आमत्रंण पत्र भेजा गया है। इसके जरिए मतदाताओं को बूथों की ओर खींचने की कोशिश की गई है। निश्चित रूप से आमत्रंण पत्र में लिखी गई यह लाइन मतदाताओं के अंदर एक नई उर्जा का संचार कर दिया है। भेज रहे हैं स्नेह निमत्रंण, मतदाता तुम्हे बुलाने को, 1 जून 24 को भुल न जाना, वोट डालने आने को। लोकसभा चुनाव के मंगल उत्सव के इस पावन अवसर पर यह निमत्रंण पत्र हर किसी के लिए काफी महत्वपूर्ण बन गया है। वह देश व समाज के भविष्य संवारने के लिए मुकर्रर तिथि और समय से एक जून को बूथ पर पहुंच कर अपना मतदान जरूर करें। उनके एक वोट की ताकत देश व समाज की तस्वीर बदल देगी। वोट देना हर एक मतदाता का कर्तव्य है। इसका प्रयोग हर एक मतदाता को हर हाल में करना चाहिए। जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमत्रंण पत्र में कहा है कि हम सभी के लिए एक जून का दिन काफी महत्वपूर्ण है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव का पर्व देश का गर्व कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा चुनाव के मंगल उत्सव के पावन अवसर पर मतदान करने के लिए जिले के सभी मतदाता आमंत्रित है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मौका, जब आप को देश और समाज को सही दिशा की ओर ले जाने के लिए नुमाइंदा चुनने का अवसर मिलता है। वोट देना हम सभी का अधिकार है। इस सुनहरे अवसर का लाभ जरूर उठाना चाहिए। जिलाधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं का आह्वान किया है कि वह एक जून को प्रात 7 बजे से लेकर सांयकाल 6 बजे के बीच अपना वोट जरूर डालें। उन्होंने खासकर युवाओं व युवतियों को इस पावन पर्व पर बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। कहा है कि महिलाएं भी हर चुनाव के मतदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस बार भी वह अपने इस कर्तव्य को निष्ठा के साथ पूरा करते हुए समय से बूथ पर पहुंचकर मतदान करेंगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# मास्टर ट्रेनरों ने मतगणना कार्मिकों को दिया प्रथम प्रशिक्षण



**कौशाम्बी, 29 मई (तरुणमित्र)**। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आज उदयन सभागार में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतगणना कार्मिकों को 2 पालियों-प्रथम पाली पूर्वानह 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से सायं 5 बजे तक प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मतगणना के सम्बन्ध में मतगणना कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना का कार्य बहुत ही संवेदनशील होता है, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। भली-भाँति प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यों एवं दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। भारत निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्यों एवं दायित्वों के विषय में विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी (कार्मिक व प्रशिक्षण)/ मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा उपस्थित रहें।

## सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० दैनिक भास्कर, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

### डीएम ने दी अधिकारियों को मतगणना नियमों की जानकारी

**हरदोई।** मतगणना को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देश की महत्वपूर्ण जानकारी डीएम द्वारा बैठक के दौरान अधिकारियों को देकर एक ट्रेनर की तरह समझाया। बुधवार को विवेकानंद सभागार में डीएम मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में चार जून को होने वाली मतंगणना के सम्बन्ध में बैठक हुई। डीएम ने बैठक में एक ट्रेनर के समान अधिकारियों को मतगणना की बारीकियां समझाते हुए कहा कि मतगणना में दिए गए दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक सुनिश्चित करें। मतगणना में लगे हुए सभी अधिकारी व कर्मचारी समय से मतगणना स्थल पर पहुंचेंगे कहा कि मतगणना स्थल पर बिना परिचय पत्र प्रवेश नहीं होगा। मतगणना कक्ष में मोबाईल सहित कोई भी इलेक्ट्रोनिक उपकरण निषेध रहेगा। पोस्टल बैलट की गणना में लगाए गए अधिकारियों को उन्होंने पोस्टल बैलट गणना की प्रक्रिया के बारे में बारीकी से जानकारी दी। बताया कि ईटीपीबी की प्री काउंटिंग प्रक्रिया प्रातः आठ बजे से प्रारम्भ होगी। अवसर पर सीडीओ व प्रभारी कार्मिक सौम्या गुरुरानी, एडीएम प्रियंका सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० दैनिक भास्कर, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# डीएम ने मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम का लिया जायजा

भास्कर ब्यूरो



**अयोध्या।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतदान प्रक्रिया सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने राजकीय इंटर कालेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम के साथ-साथ 04 जून को वहां पर होने वाली मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया तथा मतगणना को औआयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत की जा रही विभिन्न तैयारियों से सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्मिकों, विभिन्न प्रत्याशियों व उनके एजेण्टों तथा मीडिया कै लिए उपयुक्त स्थल पर वाहन पार्किंग का स्थान निर्धारित करने व उनके मतगणना स्थल तक आने हेतु प्रवेश द्वार निर्धारित करने के लिए एसपी सिटी को निर्देशित किया। उन्होंने नियमानुसार उपयुक्त स्थल पर मतगणना कार्मिकों एवं एजेण्टों के मोबाइल को रखने हेतु भी व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत छाये, पेयजल की व्यवस्था के साथ ही उपयुक्त स्थल पर टायलेट की व्यवस्था करने के निर्देश दिये साथ ही टायल्लेट व परिसर में नियमित सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित रखने हेतु पर्याप्त सफाई कार्मिक लगाने हेतु नगर निगम को निर्देशित किया। सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार बैरीकेटिंग करने के भी निर्देश दिये।

## ● मातहतों को दिए आवश्यक निर्देश

इस दौरान उन्होंने सुरक्षा जांच हेतु प्रत्येक इंट्री प्वाइंट पर डीएफएमडी की क्रियाशील रखने तथा पुलिस कर्मी तैनात कस्ने के निर्देश दिये। मतगणना स्थल पर कम्यूनिकेशन कक्ष, मीडिया सेण्टर एवं जनसामान्य कम्यूनिकेशन कक्ष/दीर्घा की भी व्यवस्स्था करने तथा मीडिया सेण्टर में मीडिया बन्धुओं हेतु बैठने, टेलीविजन व अन्य व्यवस्थाओं को भी करने के निर्देश दिये। उन्होंने मतगणना स्थल पर मतगणना की समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये तथा मतगणना प्रारम्भ होने से पूर्व, मतगणना के दौरान व मतगणना समाप्त होने के उपरांत आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कराते हुये मतगणना के समस्त प्रक्रियाओं को सकुशल सम्पन्न कराने सम्बंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 3 0 MAY 2024

# मतगणना की गिनती को प्रशिक्षण तैयारियां शुरू

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। आगामी लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए तैयारियां शुरू हो गयी हैं। बुधवार को केकेसी डिग्री कॉलेज में जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार के द्वारा 4 जून को होने वाली लोक सभा निर्वाचन कि मतगणना के लिए कॉउंटिंग पार्टियों की ट्रेनिंग कराई गई। ट्रेनिंग में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर जिलाधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य विभगीय अधिकारी उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रथम प्रशिक्षण पूरा हो गया है। सभी काउंटिंग पार्टियों का द्वितीय प्रशिक्षण आगामी 3 जून को इंदिरागंधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में अपराह्न 1 बजे से प्रारंभ होगा। जिसे 4 जून को प्रातः 5 बजे से मतगणना कार्मिकों को उनकी टेबल संख्या संबंधित जानकारी उपलब्ध करा दी जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की सभी कार्मिक प्रातः 6 बजे रमाबाई स्थल पहुंच कर 7:30 बजे तक अपनी टेबल पर स्थान ग्रहण करने के लिए निर्देशित किया। जारी निदेशों के क्रम में.. जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि 4 जून की सुबह 6 बजे सभी कॉउंटिंग पार्टियों को रमाबाई स्थल पहुचना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि ड्यूटी लखनऊ लोक सभा में लगी है वो लखनऊ लोक सभा के गेट से और जिनकी ड्यूटी मोहनलालगंज लोक सभा मे लगी है वो मोहनलालगंज लोक सभा के गेट से प्रेवश करेंगे। कोई भी मतगणना कर्मी मोबाईल या ऐसी कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस को अपने साथ अंदर नही ले सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि सर्वप्रथम अपनी नियुक्ति पत्र के अनुसार निर्धारित लोकसभा, विधानसभा एवं टेबल के आवंटन के आधार पर स्थान ग्रहण करे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# मतगणना कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता, संल्पितता पाये जाने पर होगी कार्यवाही : सीडीओ

**मतगणना स्थल पर मोबाइल या अन्य प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स पूर्णतया रहेगें प्रतिबंधित**



**प्रतापगढ़, 29 मई (तरुणमित्र)।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के कुशल नेतृत्व में आगामी 4 जून को होने वाली लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना के सम्बन्ध में सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में मतगणना कार्मिकों का प्रथम एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ जिसमें ईवीएम तथा पोस्टल बैलेट मतगणना के बारे में विस्तारपूर्वक पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रशिक्षण जनपद स्तरीय कुशल, अनुभवी एवं प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय सुपर मास्टर ट्रेनर डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा द्वारा प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना में एक टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर, एक गणना पर्यवेक्षक ओर एक गणना सहायक की ड्यूटी लगेगी, उनके सहयोग के लिये एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रहेगा जो कि पुलिस अभिरक्षा में स्ट्रांग रूम से कन्ट्रोल यूनिट को लेकर आएगा और फिर वापस लेकर जायेगा।

गणना सहायक कन्ट्रोल यूनिट के रिजल्ट बटन को दबाकर एजेन्टों को रिजल्ट जोर-जोर से बोलकर नोट करेगें जिसे माइक्रो आब्जर्वर और गणना पर्यवेक्षक भी अपने निर्धारित प्रोफार्मा पर अंकित करेगें, फिर एक राउण्ड की समाप्ति के बाद इन महत्वपूर्ण कागजात को एआरओ के पास हस्ताक्षर करके जमा करना होगा। मतगणना स्थल पर न तो मतगणना कर्मी और न ही कोई एजेन्ट मोबाइल या अन्य प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स या इलेक्ट्रानिक वाच लेकर नहीं जा पायेगें, इन्हें पूर्णतया प्रतिबंधित रखा गया है। मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने निरीक्षण किया और सभी प्रशिक्षण कक्षा में जाकर मतगणना कार्मिकों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किये।


उन्होने कहा कि ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट आदि का प्रशिक्षण आप पूर्ण मनोयोग से प्राप्त करें ताकि मतगणना कार्य को अच्छे ढंग एवं अनुशासित रूप से सम्पन्न कर सके। उन्होने कहा कि गणना सहायक कन्ट्रोल यूनिट को इस तरह से खड़े होकर दिखायेगें की सामने जाली के पीछे उपस्थित प्रत्याशियां के एजेन्ट उसे अच्छी तरह से देख ले और नोट कर लें। सभी मतगणना दल के सदस्य मतगणना टेबल पर अपना व्यवहार शांत, मर्यादित एवं संयमित रखेगें। पोस्टल बैलेट की गणना हेतु प्रत्येक टेबल पर एक सहायक रिटर्निग आफिसर, एक गणना आब्जर्वर, एक गणना पर्यवेक्षक तथा दो गणना सहायक रहेगें।

मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त मतगणना कार्मिकों को निर्देशित किया है कि मतगणना कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता, संल्पितता, संदिग्धता, लापरवाही की स्थिति पाये जाने पर आयोग की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, एलडीएम गोपाल शेखर झा सहित नसीमद्दीन, अशोक शुक्ला मास्टर ट्रेनर, हेल्पडेस्क में सुशील सिंह, रामकुमार, नीरज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........दै० तरुणमित्र लखनऊ........ दिनांक 30 MAY 2024

# मतगणना स्थल पर सवेरे छह बजे पहुंचें एजेंट : डीएम



**चित्रकूट, 29 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने मतगणना तैयारी बाबत प्रत्याशियों/ प्रतिनिधियों की बैठक में मतगणना बाबत चर्चा की। उन्होंने बताया कि मतगणना रामायण मेला स्थल सीतापुर में चार जून को सवेरे आठ बजे से पूरी सुरक्षा में होगी।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना को विधानसभा मानिकपुर व चित्रकूट की विधानसभाओं में 14-14 टेबल लगाई गई हैं। मतगणना मजिस्ट्रेट के साथ आब्जर्वर मौजूद रहेंगे। मौजूद प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों से कहा कि जिन पार्टियों के एजेंट रहेंगे, उनके पास रिटर्निंग ऑफिसर बांदा से पास होने चाहिए। हर टेबल पर एजेंट रहेंगे। एजेंट के पास मोबाइल फोन, पेजर, स्मार्ट वॉच, कैल्कुलेटर मतगणना कक्ष में नहीं ले जा सकेंगे। वहां लगे लैंडलाइन से एजेंट बात कर सकेंगे। हर टेबल पर सीसीटीवी कैमरा लगे रहेंगे। वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना आठ बजे से शुरू होगी। एजेंट छह बजे पहुंच जायें। मतगणना स्थल पर एजेंट शांति बनाये रखेंगे।

काउंटिंग के बाद ईवीएम कलेक्ट्रेट के स्ट्रांग रूम में आयेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने मौजूद सभी प्रत्याशियों व जनप्रतिनिधियों से समस्याओं बाबत जानकारी ली।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दिनांक 30 MAY 2024

# मतगणना कर्मियों को एसएमएस से मिलेगी टेबल संख्या की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मतगणना में लगे कर्मियों को एसएमएस के माध्यम से टेबल संख्या की जानकारी मिलेगी। मतगणना में लगे कर्मियों को सुबह 6 बजे रमाबाई रैली स्थल पहुंचना होगा। कर्मी मोबाइल या इलेक्ट्रानिक डिवाइस नहीं ले जा सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बुधवार को केकेसी कॉलेज में 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर 934 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी कर्मियों को सुबह 6 बजे रमाबाई स्थल पहुंचना होगा। लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा के लिए अलग-अलग गेट बनाए गए हैं। कर्मियों की जिस लोकसभा में ड्यूटी होगी उसी के अनुसार, प्रवेश करेंगे। प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक माइक्रो ऑब्जर्वर मौजूद रहेंगे और गणना की समस्त गतिविधियों पर नजर रखेंगे। मतदान में लगे कर्मियों का दूसरा प्रशिक्षण 3 जून को होगा। दूसरी ओर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में चल रही इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस ) के मतपत्रों की स्कैनिंग प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि 3 जून को रमाबाई स्थल पर सुबह 7:30 बजे ईटीपीबीएस मत पत्रों को स्कैनिंग करने की प्रक्रिया अभ्यास किया जाएगा।



कर्मियों को केकेसी कॉलेज में जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार।

**▸▸ मतगणना में लगे कर्मियों को सुबह 6 बजे पहुंचना होगा रमाबाई स्थल**

**▸▸ मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस अंदर नहीं ले जा सकेंगे कर्मी**

**164 टेबल पर होगा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला :** रमाबाई रैली स्थल पर 164 टेबल पर मतगणना होगी। इनमें एआरओ और आरओ की टेबल भी शामिल है। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा में आरओ और एआरओ के अलावा 14 टेबल होंगी। रिजर्व और पोस्टल बैलेट मिलाकर कुल 19 टेबल एक विधानसभा में होंगी। जिस विधानसभा क्षेत्र में बूथों की संख्या अधिक होगी वहां पर मतगणना के चक्र ज्यादा रहेंगे। जहां बूथ कम हैं उस विधान सभा क्षेत्र की मतगणना जल्द पूरी हो जाएगी क्योंकि चक्र कम होंगे।

## प्रशिक्षण में ये भी बताया

- मतगणना शुरू होने पर विभिन्न चक्रों में मशीनें प्राप्त होंगी। मशीन प्राप्त होने पर यह सुनिश्चित कर लें कि चक्र के अनुसार निर्धारित मशीन ही उन्हें प्राप्त हुई है या नहीं।
- परिणाम सेक्शन के एड्रेस टैग सील को खोल कर रिजल्ट सेक्शन कवर को ऊपर की ओर उठाकर खोलना होगा। क्लोज बटन के साथ लगे हुए स्पेशल टैग से भी बूथ का मिलान एवं सील की जांच करनी होगी। जांच में किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर आरओ को तत्काल सूचना देनी होगी।
- मशीन का स्विच ऑन करें उसकी डिस्प्ले प्रक्रिया पूरी होने के बाद ग्रीन पेपर सील एवं स्पेशल टैग को बिना निकाले रिजल्ट बटन को दबाना होगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 स्पष्ट आवाज, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# निष्पक्ष चुनाव के लिये बंद रहेगी दारु की दुकानें

**सोनभद्र (स्पष्ट आवाज)।** डीएम ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 403-दुद्धी के उप निर्वाचन-24 के परिप्रेक्ष्य में मतदान एवं मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण कराने हेतु जनपद-सोनभद्र की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडलशाप, भांग, ताड़ी की फुटकर थोक अनुज्ञापनों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 403-दुद्धी के उप निर्वाचन-24 हेतु नियत मतदान 01 जून को मतदान समाप्ति के लिए नियत समय अपरान्ह 6 बजे से 48 घण्टा पूर्व अर्थात 30 मई को समय साथ 6 बजे से मतदान 01 जून को मतदान समाप्ति जो बाद में सम्पादित हो तक एवं मतगणना 04 जून को बन्द किये जाने के लिए निर्गत आदेश में आशिक संशोधन करते हुए जनपद-सोनभद्र, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र-400 घोरावल व 402 ओबरा (अ.ज.जा.) में मतदान दिवस 01 जून को मतदान समाप्ति के लिए नियत समय अपरान्ह 06 बजे से 48 घंटे पूर्व अर्थात 30 मई को अपरान्ह 6 बजे से गतदान दिवस 01 जून को मतदान समाप्ति (जो बाद में सम्पादित हो) तक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र-400 घोरावल व 402 ओबरा (अ.ज.जा.) के अन्तर्गत स्वीकृत/ संचालित आबकारी की सभी दुकानें बन्द रहेंगी। इसी प्रकार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र-401-राबर्टसगंज व 403-दुद्धी (अ.ज. आ.) में मतदान दिवस 01 जून को मतदान समाप्ति के लिए नियत समय अपरान्ह 04. बजे से 48 घंटे पूर्व अर्थात 30 मई को समय अपरान्ह 4 बजे से मतदान दिवस 1 जून को मतदान समाप्ति (जो बाद में सम्पादित हो) तक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र-401-राबर्टसगंज के अन्तर्गत स्वीकृत/ संचालित आबकारी की सभी दुकानें बन्द रहेंगी, मतगणना 04 जून को बन्दी पूर्व में निर्गत आदेश 07 मई की भांति दिये गये नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी।

समाचार पत्र का नाम दै० स्पष्ट आवाज, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

## सवेरे आठ बजे से शुरू होगी मतगणना

**जौनपुर (स्पष्ट आवाज)।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 04 जून को प्रातः 08 बजे से प्रारम्भ होगी, जिसके निमित्त निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों के मतगणना अभिकर्ता मतगणना स्थल के अन्दर पेन, पेन्सिल, प्लेन पेपर, नोट पैड और 17 सी डुप्लीकेट प्रति ही ले जा सकेंगे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै० स्पष्ट आवाज, लखनऊ ........ दिनांक 30 MAY 2024

# चार जून की दोपहर तक आ जायेंगे चुनाव नतीजे

- प्रत्येक राउंड गणना में लगेंगे 10-12 मिनट
- सीईओ ने वीसी कर डीएम को जारी किये दिशा निर्देश

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। लोकसभा चुनाव के बाद अब लोगों की नजरें चार जून को होने वाली गणना पर टिकी हुई हैं। जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करके डीएम सहित सभी अधिकारियों को मतगणना को लेकर दिशा निर्देश दिए। मतगणना के लिए सभी विधानसभा में 14-14 टेबल लगाई जाएगी, दो टेबल अतिरिक्त होगी। जिस पर मतगणना का मिलान किया जाएगा। मतगणना में सबसे पहले पोस्टल बैलेट मतों की गणना होगी, हालांकि पोस्टल बैलेट के मतों की गणना के लिए अलग से काउंटर बनाए गए हैं। आठ बजे से ईवीएम के मतों की गणना प्रारंभ हो जाएगी। विधान सभावार बने पंडाल में प्रत्येक राउंड की मतगणना फाइनल होने पर कंट्रोल रूम को दी जाएगी। अफसरों की मानें तो प्रत्येक राउंड की गणना में दस से बारह मिनट लगेंगे। फिलहाल अफसरों ने जो तैयारी की है, उसके मुताबिक दोपहर तक परिणाम आ जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि मतों की गणना के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिले में निष्पक्ष मतगणना कराने के लिए चुनाव आयोग ने अलग से प्रेक्षक भेजने का फैसला लिया है। मतगणना के दो दिन पहले प्रेक्षक जिले में पहुंचकर तैयारियों की जानकारी लेंगे। लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों की ओर से अभिकर्ताओं के नामित करने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। चुनाव कार्यालय से फॉर्म का वितरण किया जा रहा है। मतगणना स्थल पर जितने टेबल होंगे, प्रत्याशी उतने ही अभिकर्ताओं को नामित कर सकेंगे।

## तहसीलदार व नायब से स्पष्टीकरण तलब

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। चुनाव कार्य मे लापरवाही बरतने पर महमूदाबाद के तहसीलदार व नायब तहसीलदार का स्पष्टीकरण तलब हुआ है।

सूत्रों की माने तो दोनों राजस्व अफसरों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश भी दिये गये है। एसडीएम महमूदाबाद शिखा शुक्ला ने बताया कि आवश्यक कार्य में संलग्न होने के कारण तहसीलदार व नायब तहसीलदार चुनाव से संबंधित बैठक में उपस्थित नहीं हो पाये थे, जिसे लेकर उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै0 स्वतंत्र चेतना, लखनऊ ........ दिनांक 3 0 MAY 2024

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन में लगे मतगणना कार्मिकों के प्रथम दिवस का प्रथम प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न



सुलतानपुर । जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के आदेश के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना में लगे समस्त गणना कार्मिकों का प्रथम दिवस का प्रथम प्रशिक्षण विकास भवन के प्रेरणा सभागार सुलतानपुर में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण दो पालियों में संचालित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने बताया कि 04 जून को नवीन कृषि मंडी समिति, अमहट सुलतानपुर में प्रातः 8.00 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। उन्होंने सभी मतगणना कार्मिकों से कहा कि शुद्धता व निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए गणना कार्य करना है। 17 सी गणना भाग 2 को सही सही भरेंगे और उम्मीदवार पड़े मतों का मिलान कुल पड़े मतों से कर लेंगे। जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि सभी गणना कार्मिक गणना तिथि को प्रातः 6.00 बजे तक नवीन कृषि मंडी अमंहट पहुँच जायेंगे। आपको किस गणना टेबल पर गणना करनी है, ये गणना तिथि को प्रातः गणना स्थल पर ही पता चलेगा। उन्होंने ने बताया कि शुद्धता व शीघ्रता को ध्यान में रखते हुए काउंटिंग करना है। कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट बटन को दबाने के बाद कंडीडेट वार मतों को गणना प्रपत्रों पर सही - सही भरेंगे। जॉइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा ने बताया कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम चरण होता है, इसलिए मतगणना का कार्य शांति पूर्ण व निष्पक्षता के साथ सम्पन्न करना है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ0संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में 14 - 14 गणना टेबिल पर ई.वी.एम. से मतगणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया ई0वी0एम0 की काउंटिंग की एक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक माइक्रो आब्जर्वर,एक गणना सहायक और एक चतुर्थ श्रेणी कार्मिक होगा स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पाण्डेय ने सी0यू0 की काउंटिंग की प्रक्रिया को बताया कि सी0यू0 के बटन को ऑन करेंगे और रिजल्ट बटन को दबाना है और कैंडिडेट वार मिले मत को 17 सी मतपत्र लेखा के भाग- 2 में अंकित करेंगे और इसकी दो प्रति तैयार करेंगे। स्टेट मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के क्रम में प्रत्येक विधानसभा की रैंडमली किन्ही पाँच-पाँच बूथ के वी0वी0पैट0 की पर्चियों की गणना भी की जायेगी। इसकी गणना के लिये पिजन होल फ्रेमवर्क होगा, जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार हेतु खाँचे निर्धारित हैं। उम्मीदवार वार पर्ची उसमें डालते जायेंगे। बाद में 25-25 का बण्डल बनाकर उसकी गणना की जायेगी। स्टेट मास्टर ट्रेनर संतराम यादव ने प्ररूप 20 और 17(ग) प्रपत्रो पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. जनार्दन राय द्वारा पूरे प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि आज ई0वी0एम0 की मतगणना हेतु दोनों पाली में 48 मतगणना पार्टी के 192 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। पी.पी.टी. बनाने व चलाने में बिपिन यादव, वकील अहमद, अनुपम द्विवेदी, मंदीप पाण्डेय, आसिफ जमाल मृत्युंजय सिंह, विशेष श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार, रामथीरथ आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

समाचार पत्र का नाम दै0 स्वतंत्र चेतना, लखनऊ दिनांक 0 9 MAY 2024

# मतगणना कार्मिक मतदान की गोपनीयता बनाये रखें

मैनपुरी। रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश ष्ण सिंह ने कलैक्ट्रेट सभागार में



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 के मतगणना कार्मिकों का ईटीपीब्री, पोस्टल वैलेट की मतगणना में लगे कार्मिकों के प्रशिक्षण सत्र को संबोाित करते हुए कहा कि आपको लोकसभा सामान्य निर्वाचन का सबसे महत्वपूर्ण मतगणना का कार्य सुचिता, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न करने का दायित्व निभाना है।

उन्होने सहायक रिटर्निंग अाकारियों से कहा कि मतगणना से पूर्व मतगणना की गोपनीयता बनाये रखने के निर्देश मतगणना हल में उपस्थित कार्मिकों, अभिकर्ताओं, अन्य व्यक्ति जो निर्वाचन में मतों को अभिलिखित करने या उनकी गणना करने का कर्तव्य निभा रहा हो, उसे मतदान की गोपनीयता बनाये रखने, कोई जांनकारी किसी व्यक्ति को न देने के सम्बन में लोक प्रतिनिाित्व अाािनियम 1951 की ाारा-128, उप ाारा 01 को पढ़कर सुनाया जाये, मतगणना कार्य में लगा कोई कर्मी, अभिकर्ता उप ाारा-01 के उपबनों का उल्लघंन करेगा तो वह कारावास से जिसकी अवाि 03 माह की हो सकती है या जुर्माना या दोनो से दण्डनीय होगा। श्री सिंह ने कहा कि पोस्टल बैलेट की गणना के कार्य में लगे सभी अाकारी पूरे आत्मविश्वास के साथ निष्पक्ष रहकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निाारित मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए अपने कार्य को अंजाम दें, पोस्टल-बैलेट की गणना से पूर्व उपस्थित गणना अभिकर्ताओं को गणना प्रक्रिया के बारे में पूरी तरह जानकारी दें, किस-किस अाार पर पोस्टल-बैलेट निरस्त होंगे, की पूरी जानकारी पूर्व में ही गणना अभिकर्ताओं को रहे ताकि गणना प्रक्रिया आसानी से सम्पन्न हो सके। मुख्य विकास अाकारी नेहा बंु ने पोस्टल-बैलेट की गणना कार्य में लगे कार्मिकों से कहा कि पोस्टल-बैलेट की गणनी का कार्य बेहद सतर्कता के साथ किया जाए, प्रारूप 13-ग का लिफाफा खोलने के बाद उसके अंदर से 13-क, ख के लिफाफे निकलेंगे, 13-क घोषणा पत्र होगा जो संबंाित विभाग के अाकारी द्वारा प्रमाणित होगा, तभी 13-ख का लिफाफा खोला जाएगा, प्रारूप 13-क सत्यापन सम्बनित विभाग के अाकारी द्वारा सत्यापित न होने की दशा प्रारूप 13-ख का लिफाफा नहीं खोला जाए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अाकारी राम जी मिश्र, अपर जिलााकारी न्यायिक नवीन श्रीवास्तव, उप जिलााकारी सदर, करहल, भोगांव, घिरोर, कुरावली, किशनी अभिषेक कुमार, नीरज द्विवेदी, संया शर्मा, सुप्रिया गुप्ता, राम नारायण, प्रसून कश्यप, डिप्टी कलेक्टर गोपाल शर्मा, अजंलि सिंह, योगेन्द्र कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम. शौकत अली, आचार्य टीईपी.सेंटर डा.डीक़े. सचान आदि उपस्थित रहे।

समाचार पत्र का नाम दै0 स्वतंत्र चेतना, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# मतगणना कार्मिकों को दिया गया प्रथम प्रशिक्षण



अमेठी । लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में 4 जून 2024 को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। जिसे सकुशल संपन्न कराने के लिए बुावार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में मुख्य विकास आकिारी सूरज पटेल की उपस्थिति में मतगणना कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर मोहम्मद असलम सुजीत कुमार अभिजीत कुमार देवेश शर्मा प्रदीप श्रीवास्तव मोहम्मद हरीश हाशमी के द्वारा पावर पइंट प्रेजेंटेशन के मायम से दिया गया। जिसमें उन्हें ईवीएम पोस्टल बैलेट के साथ ही ईटीपीबीएस की मतगणना के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास आकिारी ने कहा कि डाक मत पत्रों की मतगणना सबसे पहले शुरू की जाएगी एवं 30 मिनट के पश्चात ईवीएम में प्राप्त मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी ईवीएम में पड़े वोटो का मिलान 17ग से किया जाएगा।

# सभी राजनैतिक दल ईवीएम एवं वीवीपैट पर्चियों की सीलिंग के लिए विधानसभावार नामित कराएं 01-01 एजेंट

अलीगढ़ ।अपर जिला अधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने बताया है कि मतगणना की समाप्ति के पश्चात कंट्रोल यूनिट की सीलिंग और मतगणना उपरांत वीवीपैट की पर्ची निकाल कर सील किए जाने की प्रक्रिया के समय पारदर्शिता के लिए राजनैतिक दलों द्वारा विधानसभा वार एक-एक एजेंट नियुक्त किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना के संबंध में दिए गए निदेर्शों के क्रम में उम्मीदवार व उनके एजेंट को सीलिंग प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में उन्होंने बताया कि कंट्रोल यूनिट की चरणवार मतगणना की समाप्ति के पश्चात सीलिंग के दौरान उम्मीदवार व उनके एजेंट उपस्थित रहेंगे। मतगणना के उपरांत ईवीएम एवं वीवीपैट से निकाली गई पर्चियों को सील करने के लिए उपयोग किए जाने वाले समस्त सील किए गए लिफाफों पर आर0ओ0, ए0आर0ओ0 और उम्मीदवार या गणना अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। उक्त दोनों कार्यों के लिए उन्होंने सभी प्रत्याशियों से अपील की है कि वह विधानसभावार एक-एक एजेंट नामित करा लें।

# मतगणना के लिए 192 कर्मियों का हुआ प्रशिक्षण

## चार जून को अमहट स्थित नवीन मंडी में होगी मतगणना



- 70 टेबल पर 380 कर्मी की रहेगी तैनाती

सुलतानपुर (वीओएल)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के आदेश के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना में लगे समस्त गणना कार्मिकों का प्रथम दिवस का प्रथम प्रशिक्षण विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण दो पालियों में संचालित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने बताया कि चार जून को नवीन कृषि मंडी अमहट में सुबह 8.00 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। उन्होंने सभी मतगणना कार्मिकों से कहा कि शुद्धता व निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए गणना कार्य करना है। 17सी गणना भाग 2 को सही-सही भरेंगे और उम्मीदवार पड़े मतों का मिलान कुल पड़े मतों से कर लेंगे। जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि सभी गणना कार्मिक गणना तिथि को प्रातः 6.00 बजे तक नवीन कृषि मंडी अमहट पहुँच जायेंगे। आपको किस गणना टेबल पर गणना करनी है, ये गणना तिथि को प्रातः गणना स्थल पर ही पता चलेगा। उन्होंने ने बताया कि शुद्धता व शीघ्रता को ध्यान में रखते हुए काउंटिंग करना है। कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट बटन को दबाने के बाद कंडीडेट वार मतों को गणना प्रपत्रों पर सही-सही भरेंगे। स्टेट मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के क्रम में प्रत्येक विधानसभा की रैंडमली किन्ही पाँच-पाँच बूथ के वीवीपैट की पर्चियों की गणना भी की जायेगी। डॉ. जनार्दन राय द्वारा पूरे प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि आज ई0वी0एम0 की मतगणना हेतु दोनों पाली में 48 मतगणना पार्टी के 192 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। पी.पी.टी. बनाने व चलाने में बिपिन यादव, वकील अहमद, अनुपम द्विवेदी, मंदीप पाण्डेय, आसिफ जमाल मृत्युंजय सिंह, विशेष श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार, रामथीरथ आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र भारत, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांगरूम का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती** । लोकसभा चुनाव का मतदान 25 मई, 2024 को सकुशल रूप से संपन्न हो चुका है। ईवीएम व वीवीपैट को कलेक्ट्रेट स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सतत रूप से निगरानी की जा रही है। जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने मंगलवार को रात्रि में निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति एवं एंट्री पंजिकाओं का अवलोकन किया तथा सीसीटीवी से की जा रही निगरानी एवं अन्य व्यवस्थाओं को जांच की। उन्होने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। कैमरे सुचारू रूप से संचालित पाये गये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना 04 जून को होगी। इसकी निरंतर निगरानी हेतु सुरक्षा जवान तैनात किये गये है। सीसीटीवी कैमरों से भी सतत निगरानी की जा रही है। सम्पूर्ण परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतेजाम किये गये है। जिसके लिए 24 घंटे पुलिस बल तैनात किया गया है, मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

# मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में मतगणना कार्मिकों को दिया गया प्रथम प्रशिक्षण



अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में दिनांक 4 जून 2024 को प्रातः 8ः00 बजे से प्रारंभ होगी, जिसे सकुशल संपन्न कराने के लिए आज मनीषी महिला

## अनुपस्थित 8 मतगणना कार्मिकों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के मुख्य विकास अधिकारी ने दिए निर्देश

महाविद्यालय गौरीगंज में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में मतगणना कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर मोहम्मद असलम, सुजीत कुमार, अभिजीत कुमार, देवेश शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, मोहम्मद हरीश हाशमी के द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया गया, जिसमें उन्हें ईवीएम, पोस्टल बैलेट के साथ ही ईटीपीबीएस की मतगणना के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि डाक मत पत्रों की मतगणना सबसे पहले शुरू की जाएगी एवं 30 मिनट के पश्चात ईवीएम में प्राप्त मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी ईवीएम में पड़े वोटो का मिलन 17ग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट आदि का प्रशिक्षण पूर्ण मनोयोग से प्राप्त कर ले ताकि मतगणना के दिन किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े, प्रशिक्षण में बताया गया की मतगणना संबंधी उपलब्ध कराए गए प्रारूप के समस्त कलम स्पष्ट शब्दों में साफ-साफ भरे जाएं मतगणना सामग्री को चेक कर ले यदि कोई कमी हो तो पूर्ण कर लें, प्रदर्शित होने वाले रिजल्ट को इस प्रकार से खड़े होकर दिखाएंगे की उपस्थिति मतगणना एजेंट अच्छी तरह से देख व नोट कर सकें, मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा बोलकर भी रिजल्ट बताया जाएगा यदि आवश्यकता हो तो रिजल्ट बटन को दोबारा दबाकर रिजल्ट दिखाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी मतगणना कार्मिकों को निर्देशित किया कि मतगणना के दिन प्रातः 6ः00 बजे अपने परिचय पत्र तथा ड्यूटी आदेश के साथ मतगणना स्थल पर पहुंच जाएंगे। आज कुल 368 मतगणना कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया जिसमें कुल 08 मतगणना कार्मिक अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित मतगणना कार्मिकों में धर्मेंद्र कुमार सिंह मतगणना सुपरवाइजर, दुष्यंत प्रताप सिंह मतगणना सुपरवाइजर, धनंजय सिंह मतगणना सुपरवाइजर, किशन कुमार माइक्रो आब्जर्वर, नरसिंह बहादुर सिंह माइक्रो आब्जर्वर, अनिल कुमार वर्मा माइक्रो आब्जर्वर, हेमंत सागर तिर्की माइक्रो आब्जर्वर तथा रवि शंकर ओझा माइक्रो आब्जर्वर के नाम शामिल है अनुपस्थित मतगणना कार्मिकों के विभागाध्यक्षों को मुख्य विकास अधिकारी ने दो दिवस के अंदर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, अमेठी प्रीति तिवारी, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण अजय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र भारत, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# मतगणना के लिए कॉउंटिंग पार्टियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** केकेसी डिग्री कॉलेज में जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने आगामी 04 जून को होने वाली लोकसभा निर्वाचन कि मतगणना के लिए कॉउंटिंग पार्टियों की ट्रेनिंग सम्पन्न कराई गई। ट्रेनिंग में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर जिलाधिकारी भू.आ. 2,बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य विभगीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आप लोगों का प्रथम प्रशिक्षण आज पूरा हो गया है। सभी कार्उटिंग. पार्टियों का द्वितीय प्रशिक्षण आगामी 3 जून को इंदिरागंधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में अपराह्न 1 बजे से प्रारंभ होगा। उक्त के बाद 04 जून को प्रातः 05 बजे से मतगणना कार्मिकों को उनकी टेबल संख्या संबंधित जानकारी एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध करा दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की सभी कार्मिक प्रातः 6 बजे रमाबाई स्थल पहुंच कर 7:30 बजे तक अपनी टेबल पर स्थान ग्रहण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कर्मियों को कई जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 4 जून की सुबह 6 बजे सभी कॉउंटिंग पार्टियों को रमाबाई स्थल पहुंचना अनिवार्य है। जिनकी ड्यूटी लखनऊ लोकसभा में लगी है वो लखनऊ लोकसभा के गेट से और जिनकी ड्यूटी मोहनलालगंज लोकसभा में लगी है वो मोहनलालगंज लोकसभा के गेट से प्रवेश करेंगे। कोई भी मतगणनाकर्मी मोबाईल या ऐसी कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को अपने साथ अंदर नहीं ले सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सर्वप्रथम अपनी नियुक्ति पत्र के अनुसार निर्धारित लोकसभा, विधानसभा एवं टेबल के आवंटन के आधार पर स्थान ग्रहण करें।



उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित रहेंगे जो गणना की समस्त गतिविधियों का पर्यवेक्षण सभी गतिविधियों का पर्यवेक्षण करेंगे। मतगणना प्रारंभ होने पर विभिन्न चक्रों में मशीनें प्राप्त होगी प्राप्त होगी। मशीन प्राप्त होने पर यह सुनिश्चित कर ले की चक्र के अनुसार निर्धारित मशीन ही उन्हें प्राप्त हुई है अथवा नहीं। कैरिंग केस पर लगे एड्रेस का मिलान 17 ग में उल्लेखित बूथ से कर लें एवं मतगणना एजेंट को भी घोषित करे की मशीन किस बूथ की है।

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

समाचार पत्र का नाम ........ दै0 आज, लखनऊ ........ दिनांक ........ 30 MAY 2024

## मतगणना की एनआईसी कक्ष मे समीक्षा बैठक सम्पन्न

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व मे 25 मई 2024 को मतदान सकुशल संपन्न होने के उपरांत आगामी 4 जून को होने वाली लोकसभा सामान्य निर्वाचन.2024 की मतगणना के सम्बन्ध में एनआईसी कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना केंद्र पर मतगणना टेबल कंप्यूटर कनेक्शन कार्मिकों के बैठने की व्यवस्था साफसफाई पीने हेतु पानी अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को निर्देशित किया गया कि अपने मतगणना स्थल से संबंधित समस्त सुविधाओं के संबंध में पूर्व में ही जानकारी प्राप्त कर ले और सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें जिससे 4 जून 2024 को मतगणना सकुशल रूप से संपन्न कराई जा सके। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता समस्त उप जिलाधिकारी तथा मतगणना में लगाए गए अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# मतगणना कर्मियों को दिया गया दो पाली में प्रशिक्षण

**अम्बेडकरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व मे 25 मई 2024 को मतदान सकुशल संपन्न होने के उपरांत आगामी 4 जून को होने वाली लोकसभा सामान्य निर्वाचन.2024 की मतगणना के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में मतगणना मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ईवीएम पोस्टल बैलेट के साथ मतगणना के बारे में विस्तारपूर्वक मास्टर ट्रेनरो द्वारा माइक्रो आब्जर्वर गणना सुपरवाइजर गणना सहायक का प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि सभी अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें किसी भी संशय के लिए मास्टर ट्रेनरों से बिना संकोच के पूछे। मास्टर ट्रेनरों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देश के क्रम में मतगणना संबंधी जानकारी को विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रथम पाली 02 कार्मिक मतगणना सुपरवाजर अजीत कुमार तथा गुलाब चंद्र भारती व द्वितीय पाली में 01 कार्मिक माइक्रो आब्जर्वर मो.इजहार अनुपस्थित रहे। आज ईवीएम 95 एवं पोस्टल से संबंधित 10 ;रिजर्व सहित कार्मिको को प्रशिक्षित किया गया प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.सदानंद गुप्ता, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर उपायुक्त मनरेगा आरपी मिश्रा डीसी एनआरएलएम भूपेन्द्र सिंह जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 स्वतंत्र चेतना, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांगरूम का किया निरीक्षण, सी0सी0टी0वी0 कैमरों की जांच कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा


श्रावस्ती। लोकसभा चुनाव का मतदान 25 मई, 2024 को सकुशल रूप से संपन्न हो चुका है। ईवीएम व वीवीपैट को कलेक्ट्रेट स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सतत रूप से निगरानी की जा रही है। जिसका जिला निर्वाचन आिकारी कृतिका शर्मा ने मंगलवार को रात्रि में निरीक्षण कर जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थिति एवं एंट्री पंजिकाओं का अवलोकन किया तथा सीसीटीवी से की जा रही निगरानी एवं अन्य व्यवस्थाओं को जांच की। उन्होने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। कैमरे सुचारू रूप से संचालित पाये गये।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना 04 जून को होगी। इसकी निरंतर निगरानी हेतु सुरक्षा जवान तैनात किये गये है। सीसीटीवी कैमरों से भी सतत निगरानी की जा रही है। सम्पूर्ण परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतेजाम किये गये है। जिसके लिए 24 घंटे पुलिस बल तैनात किया गया है, मतगणना को सकुशल-सम्पन्न कराया जा सके।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 आज, लखनऊ ........ दिनांक 30 MAY 2024

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांगरूम का किया निरीक्षण



श्रावस्ती। लोकसभा चुनाव का मतदान 25 मई, 2024 को सकुशल रूप से संपन्न हो चुका है। ईवीएम व वीवीपैट को कलेक्ट्रेट स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सतत रूप से निगरानी की जा रही है। जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने मंगलवार को रात्रि में निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति एवं एंट्री पंजिकाओं का अवलोकन किया तथा सीसीटीवी से की जा रही निगरानी एवं अन्य व्यवस्थाओं को जांच की। उन्होने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। कैमरे सुचारू रूप से संचालित पाये गये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना 04 जून को होगी। इसकी निरंतर निगरानी हेतु सुरक्षा जवान तैनात किये गये है। सीसीटीवी कैमरों से भी सतत निगरानी की जा रही है। सम्पूर्ण परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतेजाम किये गये है। जिसके लिए 24 घंटे पुलिस बल तैनात किया गया है, मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 स्वतंत्र चेतना, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

## गर्मी व लू के दृष्टिगत मतगणना के दौरान धनीपुर मण्डी परिसर में रहेगी एम्बुलेंस व मेडिकल कैंप की व्यवस्था

अलीगढ़ । अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना के दृष्टिगत मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि मतगणना परिसर में गर्मी व लू के चलने से मतगणना दिवस 4 जून को प्रातः 7:00 बजे से मतगणना समाप्ति के उपरांत ईवीएम मशीन वेंयरहाउस में रखे जाने तक एक एंबुलेंस और मेडिकल कैंप मय चिकित्सक व आवश्यक दवाइयों के साथ मतगणना स्थल पर तैनात करना सुनिश्चित करें।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 स्वतंत्र चेतना, लखनऊ दिनांक 3 0 MAY 2024

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने कॉउंटिंग पार्टियों की ट्रेनिंग सम्पन्न कराई

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। आज केकेसी डिग्री कॉलेज में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी लखनऊ सूर्य पाल गंगवार के द्वारा आगामी 04 जून को होने वाली लोक सभा निर्वाचन कि मतगणना हेतु कॉउंटिंग पार्टियों की ट्रेनिंग सम्पन्न कराई गई। ट्रेनिंग में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर जिलाधिकारी भू0आ0 2, बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य विभगीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया की आप लोगो का प्रथम प्रशिक्षण आज पूरा हो गया है। सभी काउंटिंग पार्टियों का द्वितीय प्रशिक्षण आगामी 3 जून 2024 को इंदिरागंधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में अपराह्न 1 बजे से प्रारंभ होगा। उक्त के बाद 04 जून को प्रातः 05 बजे से मतगणना कार्मिकों को उनकी टेबल संख्या संबंधित जानकारी २२ के माध्यम से उपलब्ध करा दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की सभी कार्मिक प्रातः 6 बजे रमाबाई स्थल पहुंच कर 7:30 बजे तक अपनी टेबल पर स्थान ग्रहण करना सुनिश्चित करे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना कर्मियों को दिशा निर्देश दिए जिनमें जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि 04 जून की सुबह 6 बजे सभी कॉउंटिंग पार्टियों को रमाबाई स्थल पहुचना अनिवार्य है। जिनकी ड्यूटी लखनऊ लोक सभा मे लगी है वो लखनऊ लोक सभा के गेट से और जिनकी ड्यूटी मोहनलालगंज लोक सभा मे लगी है वो मोहनलालगंज लोक सभा के गेट से प्रेवश करेगे। कोई भी मतगणना कर्मी मोबाईल या ऐसी कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस को अपने साथ अंदर नही ले सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि सर्वप्रथम अपनी नियुक्ति पत्र के अनुसार निर्धारित लोकसभा, विधानसभा एवं टेबल के आवंटन के आधार पर स्थान ग्रहण करे। मतगणना प्रारंभ होने पर विभिन्न चक्रों में मशीनें प्राप्त होगी प्राप्त होगी। मशीन प्राप्त होने पर यह सुनिश्चित कर ले की चक्र के अनुसार निर्धारित मशीन ही उन्हें प्राप्त हुई है अथवा नही। कंट्रोल यूनिट का क्रमांक तथा एड्रेस्ड टैग निर्धारित बूथ के अनुसार है। कंट्रोल यूनिट की पिंक पेपर सील एवं स्ट्रिप सील एवं ग्रीन पेपर सील सुरक्षित है ऑल ग्रीन पेपर सील का क्रमांक प्ररूप 17 ग में वर्णित क्रमांक के अनुसार है। तत्पश्चात मशीन का स्विच ऑन करें उसके डिस्प्ले प्रोसेस को पूरा होने दे। सम्पूर्ण मतगणना प्रक्रिया इसी क्रम के अनुसार चलती रहेगी। अंत मे प्रपत्र 17ग भाग·2 की समस्त द्वितीय प्रति को लिफाफे में डाल कर मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा लिफाफे के ऊपर टेबल संख्या, कुल राउंड संख्या तथा अपना नाम व पदनाम अंकित करने के उपरांत व्यक्तिगत रूप से आर0ओ0/ए0आर0ओ0 को मतगणना समापन के उपरांत उपलब्ध कराएंगे। उक्त के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में चल रही एळढइर मत पत्रों की स्कैनिंग के प्रशिक्षण में भी प्रतिभाग लिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कार्मिकों से संवाद करते हुए एळढइर मत पत्रों को स्कैनिंग करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया की आज की ट्रेनिंग के बाद दिनांक 03 जून को रमाबाई स्थल पर प्रातः 7:30 बजे एळढइर मत पत्रों को स्कैनिंग करने की प्रक्रिया *ड्राय रन* कराया जाएगा।



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 स्वतंत्र भारत, लखनऊ दिनांक 30 MAY 2024

# सातवां रण : अंत भला तो सब भला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण का चुनावी शोर थमने में कुछ ही घंटे बाकी है। इस चरण में एक जून को यूपी की 13 सीटों पर मतदान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वाराणसी से, मिर्जापुर से केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, चंदौली से डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय गोरखपुर से रविकिशन एवं बलिया से नीरज शेखर सहित कई दिग्गजों की परीक्षा होने जा रही है। इसके अलावा पूर्वांचंल की गाजीपुर, घोसी, राबर्ट्सगंज, सलेमपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महाराजगंज और बांसगांव सीटों पर भी मतदान इसी चक्र में होने जा रहा है। इस चरण में जातीय गोलबंदी हावी है जो सभी का खेल बिगाड़ने का जा रही है। साथ ही यहां पर दलित और पिछड़े वर्गों के वोटर निर्णायक हैं। इसीलिए सभी इन्हें साधने का प्रयास कर रहे हें। इस चरण की सबसे हाट सीट वाराणसी मानी जा रही है। यहा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं भाजपा प्रत्याशी है। लेकिन इनका मुकाबला कांग्रेस के अजय राय से ही माना जा रहा है। यहां पर बसपा के अतहर जमाल लारी सहित सात प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां पर नरेन्द्र मोदी की जीत तय मानी जा रही है। यहां लडाई तो हार-जीत का अंतर को लेकर हो रही है। इसी चरण में गाजीपुर और घोसी. सीटें हैं जिन पर पिछले चुनाव में बसपा ने कब्जा किया था। यहां पर मुख्तार अंसारी का असर रहता था। इस क्षेत्र उनके बड़े भाई अफजाल अंसारी मैदान में हैं। घोसी सीट बीजेपी से तालमेल कर मैदान में सुभासपा के अरविंद राजभर हैं। यह प्रदेश सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर के बेटे हैं। इन दोनों सीटो पर राजभर समुदाय की अच्छी खासी तादाद है, लेकिन इस सीट पर मुख्तार अंसारी से सहानुभूति रखने वाले मुस्लिम मतदाताओं का रूझान गठबंधन की ओर हैं। घोसी सीट पर पार्टी के प्रदेश सचिव राजीव राय लड़ रहे हैं। बलिया में करीब तीन लाख ब्राह्मण हैं. इसके बाद यादव, राजपूत और दलित वर्गों के मतदाता हैं। तीनों वर्गों की ताकत ढाई-ढाई लाख एवं एक लाख मुस्लिम वोटर हैं। यहां के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की जगह बीजेपी ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को मैदान में उतारा है। सपा ने यहां पर सनातन पांडेय को उतारा है. इनका ब्राह्मण वोटों पर मजबूत पकड़ बतायी जा रही है।

**नरेन्द्र मोदी, अनुप्रिया, महेन्द्र पाण्डेय, नीरज शेखर, रवि किशन की साख दांव पर**

बीएसपी से यहां लल्लन सिंह यादव मैदान में हैं। सलेमपुर सीट बेल्थरा रोड, सिकंदरपुर और बांसडीह सीटों को मिला कर इस लोकसभा सीट का गठन किया गया है। इस बार बीजेपी ने यहां से रवींद्र कुशवाहा को उतारा है जिन्हें इस बार जीत कर हैट्रिक बनाना है। जबकि सपा ने पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर एवं बीएसपी ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को टिकट दिया है। चंदौली से केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय बीजेपी के टिकट पर मैदान में हैं। वह यहां से 2014 और 2019 में दो बार कमल खिला चुके हैं। सपा ने यहां पर पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह और बीएसपी से सत्येंद्र कुमार मौर्या को उतारा है।